हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, रविवार, 30 जून 2024

15 फ्री बिजली के साथ मिलेगी शिक्षा व स्वास्थ्य सुविधाएं : लक्ष्य



16 सीडीएलयू में प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन



## खबर संक्षेप

### सर्विस रोड़ से रेहड़ियों को हटाने के दिए निर्देश

**ओढां।** नेशनल हाईवे की सर्विस रोड के किनारे लगने वाली रेहड़ियों को शीघ्र हटाने की चेतावनी देते हुए पुलिस ने कहा कि इन्हें यहां से जल्दी हटाया जाए। पुलिस ने बताया कि रेहड़ी वालों के कारण बाधित हो रहे यातायात के चलते वाहनों विशेषकर बसों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। पुलिस ने रेहड़ी वालों से कहा कि वे अपनी रेहड़ियां यहां से हटा लें अन्यथा उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### सिरसा नगर परिषद के जनरेटर की बैट्री चोरी

**सिरसा।** नगर परिषद सिरसा कार्यालय से दिनदहाडे.अज्ञात व्यक्ति जनरेटर की बैट्री चुरा ले गया। पुलिस ने ईओ की शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ भादंस की धारा 379 के तहत मामला दर्ज किया गया है। थाना शहर सिरसा में दी गई शिकायत में बताया कि नगर परिषद में एक साइलेंट जनरेटर स्थापित किया हुआ है। गत 26 मई को दोपहर 12 बजे से एक बजे के बीच अज्ञात व्यक्ति आटो पर बैट्री चुरा ले गया। पुलिस ने भादंस की धारा 379 के तहत मामला दर्ज किया है।

### मंदिर के बाहर खड़ी बाइक चोरी, केस दर्ज

**सिरसा।** सालासर मंदिर में माथा टेकने के लिए आए व्यक्ति की मोटरसाइकिल चोरी हो गई। पुलिस को दी शिकायत में रोड़ी बाजार निवासी मधुसूदन ने बताया कि बीती 25 जून को वह सालासर धाम में माथा टेकने के लिए गया था। मोटरसाइकिल मंदिर के बाहर खड़ी कर वह अंदर चला गया। कुछ देर बाद आया तो देखा कि बाइक गायब है। जिसके बाद पुलिस को सूचित किया गया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

### बैंक कर्मी बनकर 25 हजार की लगाई चपत

**सिरसा।** ऐलनाबाद पुलिस ने गांव तलवाड़ा खुर्द निवासी राजा देवी पत्नी कान्हाराम की शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। अपनी शिकायत में राजा देवी ने बताया कि उसने 20 जून को उज्जीवन बैंक ऐलनाबाद में अपना खाता खुलवाया और 40 हजार का लोन स्वीकृत करवाया था। वह बैंक से अपनी पास बुक, एटीएम लेकर घर आ गई। उसने बताया कि दोपहर में एक व्यक्ति उनके घर आया और उसने स्वयं को उज्जीवन बैंक का कर्मचारी बताया।

### हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी से हजारों की चोरी

**सिरसा।** शहर के पुरानी हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी में एक मकान में घुसकर चोर 30 हजार रुपए की नगदी सहित हजारों रुपए के आभूषण चोरी कर ले गए। पुलिस को दिए बयानों में मकान मालिक नरेश गुप्ता ने बताया कि वह निजी स्कूल की कैंटीन में काम करता है और वहीं रहता है। घर में उसकी पत्नी रहती है। देर रात्रि को चोरों ने मकान में घुसकर कमरे का ताला तोड़कर अलमारी में रखी 30 हजार रुपए की नगदी, लड्डू गोपाल की सोने की चेन चोरी कर ले गए।

### सुचान में घर के आंगन में खड़ी बाइक चोरी

**डिंग।** गांव सुचान में एक मकान से चोर बाइक चोरी कर ले गए। पुलिस को दी शिकायत में गांव सुचान निवासी दर्शन ने बताया कि बीती 22 जून की रात को उन्होंने अपनी बाइक घर के आंगन में खड़ी की थी। देर रात को चोर दीवार फांदकर घर में घुसे और बाइक चोरी कर ले गए। सुबह उन्हें घटना के बारे में पता चला। अपने स्तर पर काफी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। जिसके बाद पुलिस को सूचित किया गया। पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है।

### 10 जुलाई तक बिजाई का आंकड़ा पोर्टल पर दर्ज करवाएं किसान

# धान की सीधी बिजाई कामयाब हुई तो बचेगा 25 फीसदी बिजली-पानी, लागत में आएगी कमी

### पानी की कमी, उचित दाम न मिलने से किसानों का नरमे के प्रति हुआ मोह भंग

सुरेन्द्र असीजा ▶▶| फतेहाबाद



फतेहाबाद। धान की रोपाई करते किसान। फोटो : हरिभूमि

बीते कई वर्षों में नरमे की फसल पर सफेद मक्खी के प्रकोप के चलते व किसानों को उचित दाम न मिलने के कारण किसानों का रूझान धान की ओर बढ़ता जा रहा है। इसके अलावा कृषि विभाग के धान की सीधी बिजाई पर किसानों की आर्थिक मदद करने के चलते किसान धान की सीधी बिजाई में भी रूचि दिखा रहे हैं। कृषि विभाग को धान की सीधी बिजाई के लिए रखे गए लक्ष्य में कामयाबी मिलती दिख रही है। माना जा रहा है कि अगर धान की सीधी बिजाई कामयाब होती है तो किसान तो मालामाल होंगे ही, साथ ही किसान की 30 फीसदी कृषि लागत भी कम होगी। इतनी ही बिजली-पानी की भी बचत होगी। कृषि अधिकारी इस बात पर एकमत है कि धान की सीधी बिजाई किसान के लिए वरदान है। पिछले साल जिले में 1 लाख 39 हजार 848 हैक्टेयर भूमि पर धान की रोपाई हुई थी जबकि नरमा का रकबा 53 हजार 340 हैक्टेयर था। इस बार पानी की कमी, उचित दाम न मिलने से किसानों का नरमे के प्रति मोह भंग हो गया। यही वजह है कि इस बार किसानों ने मात्र 44 हजार 760 हैक्टेयर में ही नरमे की बिजाई की है, जिससे तय है कि धान की फसल का रकबा बढ़ेगा। कृषि विशेषज्ञों का मानना है कि मानसून के दौरान रोपे गए धान से किसान को ज्यादा फायदा मिलता है जबकि इससे पूर्व रोपे गए धान में पानी की खपत ज्यादा होते हैं। किसान अपने संसाधनों से सिंचाई करता है तो खर्च भी अधिक बैठता है वहीं भूजल का भी जमकर दोहन होता है। पानी और बिजली की बचत को लेकर कृषि विभाग ने धान की सीधी बिजाई के लिए किसानों को प्रेरित करने के लिए 4 हजार रुपये प्रति एकड़ अनुदान की घोषणा की है। इसके लिए विभाग ने जिले में 25 हजार हैक्टेयर भूमि में धान की सीधी बिजाई यानि डीएसआर का लक्ष्य रखा है। हालांकि किसानों ने काफी मात्रा में धान की सीधी बिजाई की है लेकिन अनेक किसानों ने पोर्टल पर इसे दर्ज नहीं करवाया है। पोर्टल पर अभी तक 10 हजार 700 हैक्टेयर भूमि में ही धान की सीधी बिजाई दर्ज हुई है।

#### इस बार किसानों को अच्छे मानसून की उम्मीद

जिले में बारिश के लिहाज से पिछले 4 साल का मानसून किसानों की उम्मीद पर खरा नहीं उतरा लेकिन इस बार मौसम विभाग पूरे प्रदेश में अच्छे मानसून की उम्मीद जता रहा है। ऐसे में किसानों का धान के प्रति विश्वास बढ़ा है। गांव बरसीन के किसान नसीब सिंह ने बताया कि पिछले बार उसने नरमे की बिजाई की थी। इस बार बीमारी के भय से नरमे को छोड़कर धान की तरफ रूख किया है। गांव नूरकी अहली के हरभगवान ने भी कहा कि उन्होंने पानी बचाने के लिए इस बार धान की सीधी बिजाई की है। इससे पानी की बचत के साथ-साथ खर्च में भी कमी होगी। जिला में धान की सीधी बिजाई का 25 हजार हैक्टेयर का लक्ष्य रखा गया है। काफी किसानों ने सीधी बिजाई की है लेकिन इसे पोर्टल पर दर्ज नहीं किया। पोर्टल पर 10 हजार 700 हैक्टेयर का रकबा ही दर्ज है। किसानों को चाहिए कि 10 जुलाई तक वह पोर्टल पर इसे दर्ज करवाएं ताकि उन्हें 4 हजार रुपये प्रोत्साहन राशि मिल सके।

*-राजेश सिहाग, डीडीए फतेहाबाद*

#### पौध से धान रोपाई में आता है काफी खर्च

गेहूं के बाद जिले में नरमे या धान की खेती की जाती है। धान की फसल के लिए पहले खेत में पौध तैयार की जाती है। इसमें 24 घंटे पानी खड़ा रहना आवश्यक होता है। मानसून की बरसात न होने से यह पौध सूख जाती है। इस पौध से किसान खेतों में धान की रोपाई करते हैं। इसमें पानी की लागत काफी अधिक होती है। प्राकृतिक संसाधन न होने पर किसान बिजली और डीजल पर निर्भर है, जिस पर काफी खर्च आता है।

#### धान की बिजाई से 25 फीसदी पानी की बचत

आधुनिक तकनीक से अब गेहूं की तरह धान की सीधी बिजाई होने लगी है। इसमें पौध तैयार करने में लगने वाला समय तो बचता ही है, साथ में पानी का दोहन भी कम होता है। कृषि विशेषज्ञों के अनुसार धान की सीधी बिजाई से 20 से 25 फीसदी पानी की बचत होती है। इसके अलावा बिजली की भी 20 से 30 फीसदी बचत होती है। लेबर कम लगती है और खर्चा भी कम आता है। इसका समय 25 जून से बारिश आने तक है। इस योजना को प्रोत्साहन देने के लिए राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के तहत किसान को 4 हजार रुपये प्रति एकड़ प्रोत्साहन राशि दी जा रही है।

### सुभाष बराला आज लाभार्थियों को वितरित करेंगे प्रमाण पत्र

**फतेहाबाद।** डीसी राहुल नरवाल ने बताया कि 30 जून को दोपहर 2 बजे सामाजिक सुरक्षा पैंशन, डा. भीमराव अम्बेडकर आवास नवीनीकरण योजना तथा मुख्यमंत्री ग्रामीण अवास योजना का लाभ वितरण के जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन डीपीआरसी हॉल में किया जाएगा। इस कार्यक्रम में सुभाष बराला, दुड़ाराम, रतिया विधायक लक्ष्मण नापा शिरकत करेंगे। कार्यक्रम में नए पात्र लाभार्थियों को सामाजिक सुरक्षा पेंशन प्रमाण-पत्र तथा डॉ. भीमराव अंबेडकर आवास नवीनीकरण योजना के लाभार्थियों को प्रमाण-पत्र दिए जाएंगे। इसके साथ ही जिला पानीपत में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नायब सिंह विडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से प्रदेश वासियों को संबोधित भी करेंगे।

## हम जनता की आवाज को दबने नहीं देंगे: सैलजा

- सांसद कुमारी सैलजा के नेतृत्व में अनेक लोगों ने आम आदमी पार्टी को छोड़ थामा कांग्रेस का हाथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा



सिरसा। कार्यकर्ताओं को संबोधित करती कुमारी सैलजा। फोटो : हरिभूमि

सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि लोकसभा और रा'यसभा में विपक्ष जनता की आवाज होते है। बीजेपी सरकार विपक्ष की आवाज को दबा कर जनता की आवाज को दबाने का प्रयास कर रही है। लोकसभा में पहले ही दिन राहुल गांधी की आवाज को बंद करने का प्रयास किया गया पर हम जनता की आवाज को दबने नहीं देंगे बल्कि बुलंदी से दोनों सदनों में उठाएंगे, सरकार को जनता की आवाज सुननी ही होगी। लोकतंत्र में सभी को अपनी बात कहने का हक है और सरकार को उसे सुनना ही होगा।कुमारी सैलजा शनिवार को कांग्रेस भवन में कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रही थीं। इस दौरान आम आदमी पार्टी को छोड़कर कांग्रेस में शामिल हुए लोगों का स्वागत करते हुए कुमारी सैलजा ने कहा कि सभी कर्मठ कार्यकर्ताओं को कांग्रेस में पूरा मान सम्मान दिया जाएगा। सभी पार्टी के लिए अच्छा काम करें और अच्छा काम करने वालों की पार्टी में कभी अनदेखी नहीं होगी। उन्होंने कहा कि सभी कांग्रेस कार्यकर्ता लोकसभा चुनावों की भांति विधानसभा चुनाव में एकजुटता के साथ काम करें। ताकि हरियाणा में कांग्रेस की सरकार बन सके। कांग्रेस की सरकार बनने पर ही सभी उनके बनते हक मिल सकेंगे। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव 36 बिरादरी के लोगों ने अपना चुनाव समझकर एकजुटता से लड़ा और भारी बहुमत से मुझे चुनाव जीताया। ठीक इसी प्रकार अब विधानसभा चुनावों में एकजुटता से काम करते हुए पार्टी के प्रत्याशियों को जीताएं ताकि हरियाणा में अब कांग्रेस की सरकार बन सके। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सरकार बनने पर सभी को उनका बनता हक दिया जाएगा। वंचितों को उनका हक दिलाया जाएगा चाहे वह किसी भी वर्ग से हो। उन्होंने कहा कि बराबरी का हक सभी को मिलना चाहिए। ये अधिकार हमें बाबा साहेब ने संविधान के तहत दिए हैं। बीजेपी का इसमें कोई योगदान नहीं है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने अनेक योजनाएं शुरू करके लोगों को लाभ देने का काम किया था। गरीब लोगों को प्लॉट देने की शुरुआत भी कांग्रेस ने की थी।



### सिरसा पहुंचे राजस्थान के राज्यपाल कलराज मिश्र

**सिरसा।** राजस्थान के महामहिम राज्यपाल कलराज मिश्र अपने नोहर प्रवास के दौरान शनिवार को सिरसा में उड़ीसा के पूर्व राज्यपाल प्रो. गणेशीलाल के आवास पहुंचे और उनसे शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान राज्यपाल कलराज मिश्र ने उनके परिवार का कुशलक्षेम जाना। प्रो. गणेशीलाल व उनके सुपुत्र मनीष सिंगला ने फूलमालाओं से उनका स्वागत किया। फिलहाल उनके कनिष्ठ पुत्र मनीष सिंगला राजनीति में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। इस अवसर पर राज्यपाल कलराज मिश्र ने पद्मश्री अवार्ड से सम्मानित व भाई कन्हैया आश्रम के संचालक गुरविंद्र सिंह से भी मुलाकात की और आश्रम का दौरा किया। मनीष सिंगला ने स्मृति चिह्न देकर महामहिम राज्यपाल कलराज मिश्र का अभिनंदन किया। इस मौके पर सीएम एमिनेंट पर्सन जेपी गुप्ता, हरपिंद्र शर्मा, पूर्व महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष जसविंद्र पाल पिंकी, राजेंद्र रेणू, सांवरमल, राज शर्मा, अंजनी बंसल, कर्मजीत, सतपाल मेहता, बलवंत शैली, बलविंद्र सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## मिशन बुनियाद में दाखिले के लिए पहुंचे अनेक विद्यार्थी

- प्रोग्राम में 120 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया और उनके डॉक्यूमेंटस भी जांचे गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

शहर के राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में शनिवार को बुनियाद काउंसलिंग प्रोग्राम आयोजित किया गया, जिसमें जिलाभर से बुनियाद के लिए चयनित विद्यार्थियों को बुलाया गया था। कार्यक्रम में मिशन बुनियाद की लेवल-3 परीक्षा को उत्तीर्ण करके आए हुए जिला भर के 120 से अधिक विद्यार्थियों ने बुनियाद काउंसलिंग प्रोग्राम में भाग लिया और उनके डॉक्यूमेंटस भी जांचे गए। मिशन बुनियाद प्रोग्राम से कपिल कम्युनिटी इंचार्ज हरियाणा ने बताया कि यह काउंसलिंग प्रोग्राम समस्त हरियाणा में जिला स्तर पर चले हुए हैं, जिनमें सभी बच्चों की काउंसलिंग और डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन करके दाखिला दिया जाता है।



उन्होंने बताया कि मिशन बुनियाद की कक्षाएं आगामी 5 जुलाई से शुरू करना संभावित है। जिला विज्ञान विशेषज्ञ डॉ. मुकेश कुमार ने बताया कि मिशन बुनियाद शिक्षा विभाग की एक महत्वपूर्ण योजना है, जिसका हिस्सा बनकर ये विद्यार्थी निश्चित तौर पर अपनी मंजिल की ओर अग्रसर होंगे और आने वाले समय में विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं को पास करेंगे।

## पुलिस की 19 टीमों ने चलाया सर्च अभियान

- 4 आरोपियों को दबोचा गया
- टोहाना और फतेहाबाद में चला अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

अपराधियों की धरपकड़ को लेकर एसपी आस्था मोदी के निर्देशानुसार जिला पुलिस द्वारा शनिवार को टोहाना व फतेहाबाद में विशेष अभियान चलाया गया। इसके अलावा पुलिस ने विभिन्न आपराधिक मामलों में संलिप्त रहे 4 आरोपियों को काबू कर उनके खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत 3 मामले अंकित किये है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि शहर फतेहाबाद व शहर टोहाना में सभी अपराध जांच शाखा, थाना व चौकी स्तर पर कुल



फतेहाबाद। जिले में सर्च अभियान चलाती पुलिस टीमें। फोटो : हरिभूमि


19 टीमों का गठन किया गया जिसमें 120 पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने अपराध की रोकथाम हेतु सर्च अभियान चलाया। शहर फतेहाबाद में डीएसपी मुख्यालय जयपाल सिंह के नेतृत्व में 10 टीमों ने फतेहाबाद शहर के अलग-अलग जगहों पर सर्च अभियान चलाया तथा शहर टोहाना में डीएसपी टोहाना शमशेर सिंह के नेतृत्व में 9 टीमों ने सर्च अभियान चलाया और 4 आरोपियों को काबू कर उनके कब्जा से भारी मात्रा में नशा एवं चोरी शुदा मोटरसाइकिल को भी बरामद किया है। अभियान के तहत आबकारी अधिनियम के तहत 2 मामले दर्ज करते हुए उनमें 2 आरोपियों को गिरफ्तार कर उनसे 15 बोतल ठेका देशी व 15 बोतल हथकढ़ शराब को बरामद किया। दोनो आरोपियों के खिलाफ थाना शहर टोहाना में आबकारी अधिनियम के तहत मामला अंकित किया गया है। टोहाना पुलिस ने आरोपी कुलदीप सिंह निवासी जोड़ी वाली गली, टोहाना के कब्जा से 3.15 ग्राम स्मैक बरामद किया वही दूसरी तरफ सीआईए टोहाना ने सर्च अभियान के तहत मोटरसाइकिल चोरी के पुराने मामले में आरोपी रितिक उर्फ पुची निवासी गीता कॉलोनी, टोहाना को काबू कर उसके कब्जा से चोरी शुदा मोटरसाइकिल बरामद किया है।

### सरकार ने 5 करोड़ 39 लाख 89 हजार की राशि स्वीकृत की

## रतिया विधानसभा के गांवों में होंगे विकास कार्य

- राशि स्वीकृत करने के लिए मुख्यमंत्री सैनी का आभार जताय
- 1 करोड़ 72 लाख 21 हजार, अकांवाली में फिरनी के निर्माण के लिए दिए जाएंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रतिया



लक्ष्मण नापा

रतिया विधानसभा के विभिन्न गांवों में विकास कार्यों को पूर्ण करवाने के लिए 5 करोड़ 39 लाख 89हजार राशि स्वीकृति मिली है। रतिया के विधायक लक्ष्मण नापा ने रतिया हल्के के विकास के लिए राशि स्वीकृत करने के लिए मुख्यमंत्री नायब सैनी का आभार जताया। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा ढाणी छतरियां में फिरनी के निर्माण हेतू 1 करोड़ 98 लाख 60 हजार, गां व कुकड़ावाली में फिरनी के निर्माण हेतू 1 करोड़ 72 लाख 21 हजार, अकांवाली में फिरनी के निर्माण हेतू 49 लाख 14 हजार, ढाणी चानन राम में फिरनी के निर्माण हेतू 35 लाख 5 हजार, गांव बोसवाल में फिरनी के निर्माण हेतू 13 लाख 56 हजार, गांव अलीपुर बरोटा में शमशान घाट में लोहे के शेड निर्माण हेतू 5 लाख तथा गांव बाह्मणवाला के कब्रिस्तान में लोहे के शेड निर्माण हेतू 5 लाख रुपये स्वीकृत किए गए हैं। इसके अलावा गांव बाह्मणवाला प्लाट के शमशान घाट में लोहे के शेड निर्माण हेतू 5 लाख, गांव बलियाला के शमशान घाट में लोहे के शेड निर्माण हेतू 5 लाख, गांव बोड़ा के कब्रिस्तान में लोहे के शेड निर्माण हेतू 5 लाख, गांव दौलतपुर के शमशान घाट में वाटर टैंक के निर्माण हेतू 2 लाख 11 हजार, गांव घासवां के कब्रिस्तान में लोहे के शेड निर्माण हेतू 5 लाख, झलनिया के शमशान घाट में वाटर टैंक के निर्माण हेतू 2 लाख 11 हजार, गांव कमाना के कब्रिस्तान में लोहे के शेड निर्माण हेतू 5 लाख, गांव खाई के शमशान घाट में लोहे के शेड निर्माण हेतू 5 लाख, गांव खैरातीखेड़ा के शमशान घाट में वाटर टैंक के निर्माण हेतू 2 लाख 11 हजार, गांव महमदकी के शमशान घाट में लोहे के शेड निर्माण हेतू 5 लाख, गांव मोहम्मदपुर सौत्तर के शमशान घाट में लोहे के शेड निर्माण हेतू 5 लाख, गांव नंगल के शमशान घाट में लोहे के शेड निर्माण हेतू 5 लाख, गांव रतनगढ़ के एससी शमशान घाट में लोहे के शेड निर्माण हेतू 5 लाख रूपये मंजूर किए गए है। जल्द ही सभी निर्माण कार्य के टेंडर लगवा कर कार्य को पूर्ण किया जाएगा। विधायक लक्ष्मण नापा ने कहा कि प्रदेश सरकार सबका साथ-सबका विकास की नीति के तहत प्रदेश के हर गाँव-हर शहर के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर प्रयासरत है। पिछले 10 वर्षों में प्रदेश में भाजपा सरकार ने पिछली सरकारों के मुकाबले रिकॉर्ड तोड़ विकास कार्य करवाए हैं।

## किसान सभा ने ढाबी में चलाया सदस्यता अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भट्टूकलां

अखिल भारतीय किसान सभा तहसील कमेटी भट्टूकलां का जत्था जिला प्रधान विष्णु दत्त के नेतृत्व में गांव ढाबी कलां पहुंचा। जत्थे में उनके साथ हनुमान सिंह, वजीर सिंह, प्रताप सिंह, किड्डु राम भी मौजूद रहे। गांव में किसान नेताओं ने किसानों, मजदूरों व मेहनतकशों के हकों और मुद्दों को लेकर घर-घर जाकर लोगों से बातचीत की और उनसे संगठन से जुड़ने की अपील की। इस अभियान के दौरान करीब 600 किसानों और मजदूरों को सभा की सदस्यता दी गई। जिला प्रधान विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि किसान सभा द्वारा जिलेभर में सदस्यता अभियान शुरू किया गया है। इसके अलावा जिलेभर में 10 हजार सदस्य बनाने का संकल्प रखा गया है। अकेले भट्टूकलां क्षेत्र में 2500 सदस्य बनाने का टारगेट है। उन्होंने कहा कि किसान सभा किसानों को कर्जमुक्त करने, किसानों का जलभराव से हुए नुकसान का मुआवजा देने, गुलाबी सुंडी से खराब नरमा-कपास की फसल का मुआवजा देने, मनरेगा के तहत साल में 200 दिन काम व 600 रुपये दिहाड़ी देने, प्रत्येक गरीब परिवार के 100-100 गज का प्लाट देने सहित अनेक मांगों को लेकर संघर्षरत है।



*अगर सिर्फ डायवर्सिफिकेशन पर ध्यान दें, तो मल्टी-कैप फंड को इस मामले में बेहतर माना जा सकता है, क्योंकि इसके पोर्टफोलियो में हर वक्त लार्जकैप, मिडकैप और स्मॉल कैप सेगमेंट के शेयर शामिल रहते हैं। इसकी वजह से इसे रिस्क-रिटर्न ट्रेड-ऑफ के लिहाज से बेहतर माना जा सकता है, लेकिन अगर आप फंड मैनेजर की समझदारी पर ज्यादा भरोसा करते हैं और निवेश के मामले में फ्लेक्सिबल एप्रोच यानी लचीलेपन को पसंद करते हैं, तो फ्लेक्सी कैप फंड में निवेश करना बेहतर रहेगा। आप फैसला कुछ भी करें, यह बात जरूर याद रखें कि इन दोनों ही कैटेगरी के फंड*

## म्यूचुअल फंड में निवेश करने वालों को पहले कर लेना चाहिए तय

निवेश मंत्रा

# निवेश के लिए क्या बेहतर फ्लेक्सीकैप यह मल्टीकैप

बिजनेस डेस्क

निवेश हर कोई करना चाहता है, लेकिन बाजार के उतार चढ़ाव से कई बार डर जाता है। ऐसे में निवेशक को पहले अपनी रिस्क क्षमता को देख लेना चाहिए। इसके बाद ही निवेश की दुनिया में कदम रखना चाहिए। म्यूचुअल फंड में निवेश करने वालों को कई बार यह तय करने में उलझन होती है कि अपने पैसे फ्लेक्सी कैप फंड में लगाएं या मल्टी-कैप फंड में। ऐसा इसलिए होता है, क्योंकि दोनों ही तरह के फंड पहली नजर में एक जैसे ही लगते हैं, क्योंकि दोनों फंड्स के जरिए पूरे बाजार के अलग-अलग सेगमेंट के शेयरों में निवेश किया जाता है। इसलिए डायवर्सिफाइड फंड की तलाश कर रहे निवेशकों को इन दोनों ही तरह के फंड्स में से किसी एक का चुनाव करने में थोड़ा कनफ्यूजन होना आम बात है, लेकिन दोनों फंड एक जैसे लगने के बावजूद असल में पूरी तरह एक जैसे नहीं हैं। किस निवेशक को इनमें से किस म्यूचुअल फंड में निवेश करना चाहिए, यह जानने के लिए दोनों फंड्स के अंतर को समझना जरूरी है। इसके बाद ही इन फंडों में निवेश करना चाहिए। दोनों फंडों की क्षमता, रिस्क और रिटर्न कई मायनों में काफी अलग होते हैं। इस रिपोर्ट में हम आपको बताएंगे कि कौन से फंड निवेश के लिए बेहतर माने जाते हैं।

### फ्लेक्सी कैप फंड

फ्लेक्सी कैप फंड में फंड मैनेजर को किसी पाबंदी के बिना लार्ज-कैप, मिड-कैप और स्मॉल-कैप सेगमेंट में आने वाले किसी भी स्टॉक में निवेश करने की पूरी छूट होती है। यह लचीलापन मैनेजर को बाजार की परिस्थितियों के आधार पर अपने हिसाब से अलग-अलग सेगमेंट और सेक्टर के शेयरों में फंड अलोकेट करने की इजाजत देता है। अगर फंड मैनेजर को लगता है कि लार्ज कैप अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं, तो वे फंड का एक बड़ा हिस्सा लार्ज-कैप स्टॉक में अलोकेट कर सकते हैं। इसी तरह, जरूरत पड़ने पर मिड-कैप या स्मॉल-कैप स्टॉक में भी फंड अलोकेशन कम या ज्यादा कर सकते हैं।



### यह भी जान लीजिये

फ्लेक्सी कैप फंड्स की तुलना में मल्टी कैप फंड्स की संख्या काफी कम है। ऐसा इसलिए है, क्योंकि कुछ साल पहले सेबी ने मल्टी कैप फंड की परिभाषा में बदलाव करके फंड एलोकेशन को लार्जकैप, मिडकैप और स्मॉल कैप में बांटना जरूरी कर दिया, तो बहुत सारे फंड्स कैटेगरी बदलकर फ्लेक्सीकैप में चले गए। इन फंड्स ने ऐसा इसलिए किया, ताकि अपनी निवेश रणनीति में लचीलापन बनाए रखा जा सके।

मल्टी-कैप फंड

***मल्टी-कैप फंड के पूरे पोर्टफोलियो में, लार्ज-कैप, मिड-कैप और स्मॉल-कैप तीनों सेगमेंट के शेयरों को शामिल करना जरूरी है। फंड मैनेजर को इनमें से हर सेगमेंट में हर वक्त कम से कम 25 फीसदी अलोकेशन बनाए रखना पड़ता है। यानी लार्ज-कैप, मिड-कैप और स्मॉल-कैप स्टॉक में से हरेक में 25-25 फीसदी निवेश रखना जरूरी है। ऐसा इसलिए ताकि मल्टी-कैप फंड में डायवर्सिफिकेशन का लेवल हमेशा बना रहे।***

### क्या दोनों फंडों में फर्क

मल्टीकैप फंड के पोर्टफोलियो में 25-25 फीसदी लार्ज-कैप, मिड-कैप और स्मॉल-कैप स्टॉक बनाए रखने की वजह से जो अनिवार्य डायवर्सिफिकेशन होता है, वही इसे फ्लेक्सी कैप फंड से अलग करने वाला सबसे बड़ा फर्क है। इस अनिवार्यता की वजह से मल्टीकैप फंड में लार्ज कैप के साथ-साथ मिडकैप और स्मॉलकैप की मौजूदगी भी हमेशा ही बनी रहती है, जबकि फ्लेक्सीकैप फंड के लिए ऐसा करना जरूरी नहीं है। फ्लेक्सीकैप फंड का मैनेजर चाहे तो पूरा इक्विटी निवेश सिर्फ लार्जकैप में भी कर सकता है या उसे लार्ज और मिडकैप में बांटकर स्मॉलकैप से दूर रहने का फैसला भी कर सकता है, लेकिन मल्टीकैप फंड के मैनेजर के लिए ऐसा करना मुमकिन नहीं है।

### डायवर्सिफिकेशन भी जरूरी

डायवर्सिफिकेशन किसी भी निवेश पोर्टफोलियो को बेहतर बनाने के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। सही तरीके से किया गया डायवर्सिफिकेशन आपके पोर्टफोलियो के परफॉरमेंस को काफी बेहतर बना सकता है। म्यूचुअल फंड के मामले में मल्टी-कैप और फ्लेक्सी कैप दोनों फंड आपके निवेश को डायवर्सिफाई करने यानी उसमें विविधता लाने में मददगार साबित हो सकते हैं। हमने ऊपर यह भी देखा कि डायवर्सिफिकेशन के लिहाज से दोनों फंड्स में क्या फर्क है। इसे देखते हुए ही आपको एक निवेशक के रूप में तय करना होगा कि आपके लिए कौन सा फंड बेहतर रहेगा।

### पिछला प्रदर्शन

मल्टी-कैप फंड और फ्लेक्सी कैप फंड के पिछले प्रदर्शन की तुलना करें तो पता चलता है कि दोनों कैटेगरी के फंड्स के औसत सालाना रिटर्न में बहुत ज्यादा फर्क नहीं है। एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एएमएफआई) की वेबसाइट के मुताबिक टॉप 10 फ्लेक्सी कैप फंड्स ने पिछले 10 साल में 16.11 फीसदी से 21.88 फीसदी के बीच सालाना रिटर्न दिया है। पिछले 5 साल में इस कैटेगरी के टॉप 10 फंड्स का रिटर्न 19.96 फीसदी से 34.22 फीसदी के बीच रहा है। एएमएफआई की वेबसाइट के मुताबिक इस वक्त मल्टी कैप कैटेगरी में सिर्फ 6 ऐसे फंड हैं, जिनका पिछले 10 साल का रिकॉर्ड उपलब्ध है और इस दौरान इन फंड्स ने 16.46 फीसदी से 22.79 फीसदी के बीच औसत सालाना रिटर्न दिया है। वहीं, जिन 8 मल्टी कैप फंड्स के पिछले 5 साल के प्रदर्शन का रिकॉर्ड एएमएफआई की वेबसाइट पर मौजूद है।

---




*कब डबल होंगे पैसेः आपकी बचत के पैसे दोगुने कब होंगे इसकी गणना का एक आम नियम काफी प्रचलित है। ये नियम रूल 72 है। फाइनेंस में इसका खूब इस्तेमाल होता है। रूल 72 के जरिए आप यह जान सकते हैं कि आपके निवेश के पैसे कितने समय में दोगुने हो जाएंगे।*

# इस फॉर्मूले से करेंगे निवेश तो 7 साल 2 माह में डबल

**बिजनेस डेस्क।** अगर आप भी कम समय में करोड़पति बनना चाहते हैं या अपना पैसा बढ़ाना चाहते हैं तो आपको भी यह नियम अपना लेना चाहिए। इससे आप आसानी से पैसा बटोर सकेंगे और कम समय में ही अच्छा खासा पैसा जुटा लेंगे। ज्यादातर जानकारों का कहना है कि अगर वजन कम करना है तो कम खाइए और ज्यादा व्यायाम कीजिए, पैसों का मामला भी कुछ ऐसे ही है। खर्च कम कीजिए और ज्यादा बचत कीजिए तो आपका पास अच्छा खासा बैंक बैलेंस होगा। रिटायरमेंट या दूसरे फाइनेंशियल टारगेट के लिए आप जितनी जल्दी शुरुआत करेंगे। लक्ष्य के करीब आने तक आप उतने ही धनवान होंगे। इसके लिए सबसे सटीक फॉर्मूला है। रूल ऑफ 72 का इस्तेमाल करके आप भी जान सकते हैं कि कैसे 7 साल 2 महीने में आपका पैसा डबल हो जाएगा। यही नहीं अगर पैसे को इन्वेस्ट रखा जाए तो तीन गुना या फिर चार गुना भी बढ़ाया जा सकता है।

### कम्पाउंड इंट्रस्ट करेगा हेल्प

आपको सिर्फ अपनी बचत की निरंतरता बनाए रखनी है और बाकी का काम चक्रवृद्धि ब्याज (कम्पाउंड इंट्रस्ट) समय के साथ करता रहेगा। चक्रवृद्धि का फायदा लॉन्ग टर्म में देखते ही बनता है और यह लंबी अवधि में आपको करोड़पति बनाने में भरपूर काम करता है। इसलिए जब भी निवेश की गाड़ी स्टार्ट करें, निवेश का लंबा लक्ष्य रखें, मसलन बच्चों की शादी, शिक्षा या फिर रिटायरमेंट प्लानिंग। ऐसे लक्ष्य लेकश्लंबी अवधि के लिए निवेश शुरू करेंगे तो आप आसानी से अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकेंगे और अच्छा खासा रिटर्न प्राप्त कर लेंगे और देखते ही देखते अपने सभी गोल पूरे कर सकेंगे।



### कम्पाउंड इंट्रस्ट कैसे करता है काम

अब जानकारी लेते हैं कि आखिर यह कम्पाउंड इंट्रस्ट काम कैसे करता है। यानी यह आपको अमीर बनाने की क्षमता कैसे रखता है। मान लीजिए आप 100 रुपये कहीं जमा करते हैं और उस पर सालाना 10% का ब्याज मिलता है। एक साल बाद आपके पास 110 रुपये होंगे। अगले वर्ष चक्रवृद्धि के कारण आपको 110 रुपये पर 10% का ब्याज मिलेगा और आपके पैसे बढ़ कर 121 रुपये हो जाएंगे। फिर अगले वर्ष 121 रुपये पर 10% ब्याज प्राप्त होगा।

- पैसा बढ़ाने का सबसे सटीक नियम, करें अप्लाई
- यह नियम आपको जल्द बना सकता है करोड़पति
- रूल ऑफ 72 का इस्तेमाल करके आप भी जान सकते हैं कि कैसे 7 साल 2 महीने में कैस डबल होंगे

---

- नेशनल पेंशन सिस्टम बुढ़ापे के लिए बढ़िया विकल्प
- 18 साल से 70 साल की उम्र का नागरिक खुलवा सकता है

# एनपीएस को 5 साल कर दें एक्सटेंड 50% से ज्यादा बढ़ेगी मंथली पेंशन

बिजनेस डेस्क

नेशनल पेंशन सिस्टम (एनपीएस) केंद्र सरकार की एक पेंशन योजना है, जिसमें रिटायरमेंट को ध्यान में रखकर निवेश किया जा सकता है। यह बुढ़ापे लिए एक बेहतर विकल्प हो सकता है। नेशनल पेंशन सिस्टम में कोई भी 18 साल से 70 साल की उम्र का भारतीय नागरिक (सरकारी कर्मचारी या निजी सेक्टर का कर्मचारी) अकाउंट खुलवा सकता है। एनआरआई भी इसके लिए योग्य हैं। अकाउंट खुलने के बाद 60 साल की उम्र तक या मैच्योरिटी तक यानी 70 साल तक इसमें कंट्रीब्यूट करना होता है। अगर एनपीएस की रिटर्न हिस्ट्री देखें तो अब तक इसने 8% से 12% सालाना रिटर्न दिया है। आमतौर पर एनपीएस में 60 की उम्र होने तक लक्ष्य बनाकर निवेश करने का ट्रेंड है, लेकिन अगर इसे 5 साल के लिए और एक्सटेंड कर दें तो मंथली पेंशन में 50 फीसदी से ज्यादा इजाफा हो सकता है। वहीं, अगर अकाउंट को 10 साल के लिए एक्सटेंड कर दिया जाए तो मंथली पेंशन में 130 फीसदी का इजाफा होगा. वहीं दोनों ही केस में रिटायरमेंट पर मिलने वाली लम्प सम रकम भी बढ़ जाएगी। हालांकि यह ध्यान रखना होगा कि 60 साल की उम्र के बाद कुछ इनकम का जरिया हो, जिससे आपको इस योजना को एक्सटेंड करने की सुविधा मिल जाए।

## सेवानिवृत्ति के बाद ठाठ से कटेगा बुढ़ापा, नहीं होगी परेशानी

# 10 साल एक्सटेंड कराने पर पेंशन 130% बढ़ी

कैलकुलेशन से पता चलता है कि नेशनल पेंशन सिस्टम में अगर 60 साल की बजाए 70 साल की उम्र तक निवेश जारी रखें तो मंथली पेंशन में करीब 130 फीसदी का इजाफा (76,973 रुपये से बढ़कर 1,76,990 रुपये) हो रहा है।


### एनपीएस पर टैक्स बेनेफिट

एनपीएस में निवेश पर इनकम टैक्स एक्ट 1961 के तीन अलग-अलग सेक्शंस के तहत टैक्स बेनेफिट मिलता है। सेक्शन 80सीसीडी 1) के तहत एक फाइनेंशियल ईयर में इसमें 1.5 लाख रुपये तक के निवेश पर डिडक्शन बेनेफिट मिलता है। यह डिडक्शन, सेक्शन 80सी के तहत 1.5 लाख रुपये की ओवरऑल लिमिट में आता है। एनपीएस पर सेक्शन 80सी डिडक्शन के ऊपर भी अतिरिक्त टैक्स छूट का फायदा मिलता है। यह एडिशनल डिडक्शन सेक्शन 80सीसीडी (1बी) के तहत



50,000 रुपये तक मिलता है। कोई भी टैक्सपेयर एनपीएस के टियर-1 अकाउंट्स में निवेश करके 50,000 रुपये तक एडिशनल डिडक्शन का फायदा ले सकता है। इस तरह कोई भी टैक्सपेयर एनपीएस में इनवेस्ट करके एक फाइनेंशियल ईयर में 2 लाख रुपये के ओवरऑल टैक्स बेनेफिट को क्लेम कर सकता है। 2 लाख रुपये की लिमिट के ऊपर एंप्लॉयर की तरफ से किए गए किसी कंट्रीब्यूशन पर इनकम टैक्स एक्ट 1961 के सेक्शन 80सीसीडी(2) के तहत डिडक्शन का फायदा मिलेगा।





### 60 साल तक निवेश पर कैलकुलेशन

- एनपीएस ज्वॉइन करने की उम्र : 25 साल
- मंथली निवेश : 10,000 रुपये
- निवेश की अवधि : 35 साल
- 35 साल में कुल निवेश: 42 लाख
- निवेश पर अनुमानित रिटर्न: 8% सालाना
- 35 साल पर कुल कॉर्पस: 2,30,91,751 रुपये (2.31 करोड़)
- एन्युटी प्लान में निवेश: 50%
- लम्प सम वैल्यू: 1,15,45,875 रुपये (1.15 करोड़)
- पेंशन योग्य वेल्थ: 1,15,45,875 रुपये (1.15 करोड़)
- एन्युटी रिटर्न: 8 फीसदी
- मंथली पेंशन: 76,973 रुपये (करीब 77 हजार रुपये)

### 65 साल तक निवेश पर कैलकुलेशन

- एनपीएस ज्वॉइन करने की उम्र : 25 साल
- मंथली निवेश : 10,000 रुपये
- निवेश की अवधि : 35 साल
- 40 साल में कुल निवेश: 48 लाख रुपये
- निवेश पर अनुमानित रिटर्न: 8% सालाना
- 40 साल पर कुल कॉर्पस: 3,03,42,813 रुपये (3 करोड़)
- एन्युटी प्लान में निवेश: 50%
- लम्प सम वैल्यू: 1,75,71,407 रुपये (1.75 करोड़)
- पेंशन योग्य वेल्थ: 1,75,71,407 रुपये (1.75 करोड़)
- एन्युटी रिटर्न: 8 फीसदी

### 70 साल तक निवेश पर कैलकुलेशन

- एनपीएस ज्वॉइन करने की उम्र : 25 साल
- मंथली निवेश : 10,000 रुपये
- निवेश की अवधि : 45 साल
- 45 साल में कुल निवेश: 54 लाख रुपए
- निवेश पर अनुमानित रिटर्न: 8% सालाना
- 45 साल पर कुल कॉर्पस: 5,30,97,035 रुपये (5.30 करोड़)
- एन्युटी प्लान में निवेश: 50%
- लम्प सम वैल्यू: 2,65,48,518 रुपये (1.75 करोड़)
- पेंशन योग्य वेल्थ: 2,65,48,518 रुपये (1.75 करोड़)
- एन्युटी रिटर्न: 8 फीसदी
- मंथली पेंशन: 1,76,990 रुपये (1.77 लाख रुपये)

---

*अगर आपके पास 20 साल का वक्त है तो आपको एक करोड़ जुटाने के लिए हर महीने केवल 10,880 रुपये का निवेश करना होगा। इसी तरह अगर आप 25 साल के लिए निवेश करते हैं, तो मासिक निवेश राशि घटकर 5,880 रुपये हो जाती है। जैसे-जैसे आपकी निवेश अवधि बढ़ती है, आपको कम रकम निवेश करनी पड़ती है। अगर आपको ज्यादा रिटर्न मिलता है तो एक करोड़ रुपये तक पहुंचने में कम समय लगेगा।*

## कैसे बनेंगे करोड़पति

# हर महीने कितना करना होगा निवेश



### क्या कहते हैं आंकड़े

| वार्षिक रिटर्न | अवधि (वर्ष) | एसआईपी राशि (रु.) |
|---|---|---|
| 12% | 10 | 44,640 |
| 12% | 15 | 21,020 |
| 12% | 20 | 10,880 |

बिजनेस डेस्क

करोड़पति बनना हर किसी का सपना होता है। लेकिन, इस सपने को हकीकत में बदलने के लिए सही निवेश करना बहुत जरूरी है। इक्विटी म्यूचुअल फंड एक ऐसा निवेश विकल्प है जो आपको एक करोड़ रुपये के सपने को पूरा करने में मदद कर सकता है। अगला सवाल यह उठता है कि आपको कितना निवेश कितने समय के लिए करना होगा। यह ध्यान रखें कि आप कहीं भी निवेश करें, रातोंरात करोड़पति नहीं बन जाएंगे। इसमें समय लगेगा। इसके लिए आपको अनुशासन की जरूरत होगी। आपको नियमित रूप से निवेश करना होगा। नियमित रूप से अनुशासित निवेश करने के सबसे अच्छे तरीकों में से एक है सिस्टेमेटिक इन्वेस्टमेंट प्लान (एसआईपी) को चुनना। यह न केवल एकमुश्त बड़ी रकम बनाने में मदद करता है, बल्कि आपको छोटी शुरुआत करने और धीरे-धीरे इसे बढ़ाने की इजाजत भी देता है। यहां तक कि अगर आप 1,000 रुपये के मासिक निवेश के साथ इक्विटी म्यूचुअल फंड में एसआईपी शुरू करते हैं तो आप 10 सालों में 2.2 लाख रुपये जमा कर सकते हैं। यह मानते हुए कि आपको 12% का वार्षिक रिटर्न मिलता है। जैसा कि आप देख सकते हैं, एसआईपी में एक छोटा सा निवेश भी लंबी अवधि में आपके धन को जबर्दस्त तरीके से बढ़ा सकता है।

### इन बातों पर करता है निर्भर

आपको हर महीने कितना निवेश करने की जरूरत है यह तीन प्रमुख बातों पर निर्भर करेगा- रिटर्न, समयसीमा और जोखिम उठाने की क्षमता। रिटर्न जो आपको इक्विटी म्यूचुअल फंड से मिलेगा। आपके निवेश की समयसीमा वह समय होगा, जिसके भीतर आप अपने लक्ष्य को पाना चाहते हैं। वहीं, जोखिम उठाने की क्षमता से मतलब यह है कि आप कितना जोखिम उठा सकते हैं। चूंकि इक्विटी म्यूचुअल फंड में डेट निवेश की तुलना में अधिक जोखिम होता है, इसलिए यह लंबी अवधि के निवेश के लिए सही है। यह और भी बेहतर है कि अगर आप कम से कम सात साल के लिए इक्विटी म्यूचुअल फंड में निवेश करें। आप जितने लंबे समय तक निवेश को बनाए रहेंगे, अस्थिरता का जोखिम उतना ही कम होगा।

### कितना निवेश करें

मान लेते हैं कि आपको अपने म्यूचुअल फंड निवेश से 12% का वार्षिक रिटर्न मिलता है। इसके आधार पर हम कैलकुलेशन करेंगे कि 10 साल, 15 साल, 20 साल, 25 साल में 1 करोड़ रुपये के लक्ष्य को पाने के लिए आपको हर महीने कितना निवेश करना होगा। याद रखें कि म्यूचुअल फंड से रिटर्न के बारे में कोई गारंटी नहीं है। पिछले रिटर्न का इस्तेमाल सिर्फ रेफरेंस में किया जाता है ताकि यह कैलकुलेट किया जा सके कि आप क्या उम्मीद कर सकते हैं। 10 साल में म्यूचुअल फंड निवेश (वार्षिक रिटर्न 12%) से 1 करोड़ कमाने के लिए आपको इस पूरी अवधि के दौरान हर महीने 44,640 रुपये का निवेश करना होगा। अगर आप इंवेस्टमेंट हॉरिजन को पांच साल और बढ़ाकर 15 साल कर सकते हैं तो आपको एक महीने में 21,020 का निवेश करना होगा। अगर आप पांच साल और प्रतीक्षा कर सकते हैं तो आपका मासिक निवेश काफी कम हो जाएगा।

## खबर संक्षेप

### दाखिले हेतू पांच अलग अलग कमेटी गठित

**नरवाना।** सत्र 2024 25 के दाखिले हेतु लिए प्रथम चरण की सूचि कौशल विकास औधोगिक प्रशिक्षण एवम उधमिता विभाग द्वारा 28/06/24 को जारी की जा चुकी है। प्रधानाचार्य अनिल गोयल ने बताया की दाखिला प्रक्त्रिया में राजकीय औधोगिक प्रशिक्षण संस्थान नरवाना में दाखिले हेतु पांच अलग अलग कमेटी गठित की हुई है जो शनिवार और रविवार को भी दाखिले का कार्य करेंगी।

### रक्त जांच शिविर के दुसरे दिन लिए 445 सैंपल

**सफीदों ।** भारत विकास परिषद के सेवा पखवाड़े के अंतर्गत निःशुल्क रक्त जांच शिविर के दूसरे दिन 445 लोगों के सैंपल लेकर जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे गए। शिविर की अध्यक्षता आयोजक संस्था के अध्यक्ष डा. नरेश वर्मा ने की। वहीं मुख्यातिथि के रूप में पालिका चेयरपर्सन प्रतिनिधि संजय अदलखा ने की। संजय अदलखा ने दीप प्रज्जवलन करके की गई।

### स्वास्थ्य विभाग टीम पहुंची ईंट-भट्टों पर

**उचाना।** स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा मलेरिया रोधी अभियान चलाया हुआ है। शनिवार को क्षेत्र के ईंट-भट्टों प स्वास्थ्य विभाग की टीम पहुंची। भट्ठों पर मलेरिया रोधी अभियान चलाया गया। ईंटभट्ठों पर दूसरे प्रदेश, जिलों से आए हुए मजदूरों एवं उनके साथ रह रहे उनके परिजनों के स्वास्थ्य का ब्योरा लिया गया।

### मूल्यांकन में बढ़े छात्रा मंशा के अंक

**उचाना ।** शिव गुरूकुलम छात्तर की छात्रा मंशा पुत्री अजय कुमार ने 10वीं कक्षा के पुर्न मूल्यांकन सात अंक बढ़कर 498 (99.6 प्रतिशत) अंक हो गए है। संस्था के अध्यक्ष शेखर अग्रवाल ने मूल्यांकन के बाद 498 अंक लेकर जिले में स्थान प्राप्त होने पर छात्रा एवं उनके परिजनों को बधाई देते हुए कहा कि ग्रामीण अंचल के विद्यार्थी निरंतर शिक्षा के क्षेत्र में अव्वल आ रहे है। प्राचार्य अजीत गौत्तम ने बताया कि छात्रा मंशा के 491 नंबर थे।

### पूर्व सीएम से मिले हुड्डा ब्रिगेड के विकास खटकड़

**उचाना।** दीपेंद्र हुड्डा ब्रिगेड के प्रदेशाध्यक्ष विकास खटकड़ ने पूर्व सीएम भूपेंद्र हुड्डा से दिल्ली आवास पर मुलाकात की। इस दौरान हिसार लोकसभा से सांसद जयप्रकाश भी मौजूद रहे। विकास खटकड़ ने कहा कि आज युवा पूरी तरह से सांसद दीपेंद्र हुड्डा की अगुवाई में कांग्रेस के साथ जुड़ रहा है। लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को मिली पांच सीटों पर जीत में युवाओं की भूमिका अहम रही।

### आढ़ती कर रहे है आढ़त का इंतजार : ओमदत्त शर्मा

**उचाना।** गेहूं के सीजन की आढ़त अब तक आढ़तियों को न दिए जाने के साथ-साथ अब तक गेहूं के सीजन की मजदूरी काफी आढ़तियों को नहीं मिलने सहित विभिन्न आढ़तियों की मांग को लेकर आढ़ती कांग्रेस सांसद से मिलकर मांग पत्र सौंपेंगे। कांग्रेस नेता एवं आढ़ती ओमदत्त शर्मा डाहोला ने कहा कि गेहूं के सीजन को बीते काफी समय हो गया है ।किन अब तक आढ़तियों को आढ़त नहीं मिली है। काफी आढ़तियों को अब तक मजदूरी तक नहीं मिली है।

## भट्टू में हुई आम आदमी पार्टी ब्लाक पदाधिकारियों की बैठक

# फ्री बिजली के साथ मिलेगी शिक्षा व स्वास्थ्य सुविधाएं : लक्ष्य गर्ग

5-5 गांवों पर लगाए गए इंचार्ज, डोर टू डोर प्रचार अभियान चलाकर लोगों को पार्टी के साथ जोड़ेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भट्टूकलां

विधानसभा चुनावों को लेकर आम आदमी पार्टी ने फतेहाबाद जिले में जोर-शोर से तैयारियां तेज कर दी हैं। पार्टी द्वारा ब्लाक स्तर पर पदाधिकारियों की बैठक कर विधानसभा चुनावों को लेकर उनकी ड्यूटियां लगाई जा रही है। इसी कड़ी में शनिवार को आम आदमी पार्टी ब्लाक भट्टूकलां के पदाधिकारियों की बैठक अग्रवाल धर्मशाला में हुई। बैठक में विशेष तौर पर पार्टी के प्रदेश सहसचिव लक्ष्य गर्ग ने भाग लिया और चुनावों को लेकर पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में भट्टू ब्लाक के मुख्य पदाधिकारियों ने भाग लिया और चर्चा के बाद ब्लाक के 24 गांवों में प्रत्येक 5-5 गांवों पर सर्कल इंचार्ज की ड्यूटी लगाई गई। ये सर्कल इंचार्ज इन गांवों में जाकर जहां डोर टू डोर प्रचार अभियान चलाकर लोगों को पार्टी के साथ जोड़ेंगे वहीं लोगों को पंजाब व दिल्ली में आम आदमी पार्टी की सरकार द्वारा जनहित में लिए जा रहे ऐतिहासिक निर्णयों और हरियाणा में पार्टी द्वारा किए जाने वाले कार्यों की जानकारी देंगे।



**भट्टूकलां।** बैठक में भाग लेते आम अदमी पार्टी के पदाधिकारी।

### सुविधाएं मुहैया करवाने के लिए कदम उठाएं

बैठक को संबोधित करते हुए लक्ष्य गर्ग ने कहा कि आज प्रदेश की जनता बदलाव चाहती है। जनता भाजपा, कांग्रेस सहित सभी दलों को सत्ता में लाकर आजमा चुकी है लेकिन इन दलों के नेताओं ने केवल अपने पूंजीपति दोस्तों की तिजोरियां भरने के सिवाय कुछ नहीं किया। ऐसे में आम आदमी पार्टी एक विकल्प बनकर उभरी है। प्रदेश की जनता बदलाव के लिए अब आम आदमी पार्टी के साथ खड़ी है और उसे सत्ता में लाने का मन बना चुकी है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में सीएम अरविंद केजरीवाल और पंजाब में भगवंत मान सरकार ने लोगों को बेहतर शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया करवाने के लिए अभूतपूर्व कदम उठाएं है। दिल्ली और पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकार द्वारा लोगों को फ्री बिजली दी जा चुकी है जबकि हरियाणा में हालात बद से बदत्तर बने हुए हैं। गरीबों के हजारों रुपये के बिजली बिल आ रहे हैं। स्कूलों में शिक्षा सुविधाओं का बुरा हाल है। प्रदेश की जनता को स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए निजी अस्पतालों की लूट का शिकार होना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि हरियाणा में आम आदमी पार्टी की सरकार बनने पर लोगों को दिल्ली व पंजाब की तर्ज पर फ्री बिजली के साथ-साथ बेहतर शिक्षा व स्वास्थ्य सुविधाएं दी जाएंगी। इस अवसर पर दलबीर बैनीवाल ढाबी, बृजलाल कड़वासरा, डॉ. जगदीश गोरछिया, सुरेन्द्र लेगा, रोहताश खती ब्लाक अध्यक्ष, जयविन्द्र मेचु, विकास सिंगला, दीपक भाम्भू, विजय सुथार, अमित किरढ़ान, बिट्टू जाखड़ मेहूवाला, योगी, आत्माराम, जयप्रकाश गर्ग, डॉ. सुभाष छिम्पा, विजय जांडवाला, रमेश दैयड़, पंकज, अशोक सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# गोमाता की भक्ति है मुक्ति का सबसे बड़ा मार्ग : आचार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| ओढां

- महाराज श्री श्री रामेश्वरम ओढ़ा की गोशाला में पहुंचे

बाबा संतोख दास गोशाला ओढ़ा आज गौवत्स आचार्य सत्यादेवानंद का आगमन हुआ। महाराज श्री श्री रा मे श्व र म ज्योतिलिंर्ग धाम तमिलनाडू से गौ कथा संपन्न के पश्चात सीधे ओढ़ा की गोशाला में पहुंचे। इस मौके पर उनके सेवक भूमिबल शर्मा और गांव के अनेक गोभक्त शामिल थे। गोशाला के उपप्रधान भूप सिंह मल्हान, महावीर गोदारा आदि ने आचार्य को पूरी गोशाला का भ्रमण करवाया और विस्तार से बताया कि गोवंश के लिए क्या-क्या प्रबंध किए गए हैं। आचार्य सत्यादेवानंद ने गौशाला की व्यवस्था एवं सेवा कार्य देखकर कहा कि आसपास गांवों के लोगों को ओढ़ा के गोभक्तों से शिक्षा लेनी चाहिए कि किस प्रकार गौमाता की सेवा करनी चाहिए और पंडित जोत राम जैसे सेवकों का अनुकरण करना चाहिए। उन्होंने कहा कि गौमाता की भक्ति, मुक्ति का सबसे बड़ा मार्ग है।

### गोशाला में कथा करवाने का सुझाव दिया

जो भी व्यक्ति गौमाता की सेवा करता है, वह सच्चे सुख को प्राप्त करता है। उन्होंने गौसेवा से खुश होकर दान स्वरूप कुछ नगद राशि भी भेंट की और गौशाला में गउ माता की कथा करवाने का सुझाव दिया। इस अवसर गौशाला की तरफ से आचार्य जी, भूमिबल शर्मा और जोतराम शर्मा को गौमाता का चित्र व पटका देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर उपप्रधान भूप सिंह मल्हान, महावीर गोदारा, जोत राम शर्मा, राजेश सारस्वत, भीष्म देव शर्मा, लीलू राम मायला, राजपाल मल्हान, सोनू पोटलिया, ओमप्रकाश थोरी, डाक्टर सतपाल गोयल, हरीश शर्मा मुंशी सहित अनेक गोभक्त उपस्थित रहे।

## फैमिली आईडी और प्रॉपर्टी आईड़ी की आड़ में हो रहा भ्रष्टाचार : झोरड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

फैमिली आईडी और प्रॉपर्टी आईड़ी की आड़ में प्रदेश में भ्रष्टाचार का नंगा नाच होने का आरोप लगाते हुए झोरड़ खाप के राष्ट्रीय अध्यक्ष विनोद झोरड़ ने कहा है कि फैमिली आईडी और प्रोपर्टी आईडी बीजेपी के गले की फांस बनेगी। उन्होंने कहा कि हरियाणा में बीजेपी सरकार ने प्रोपर्टी आईडी और फैमिली आईडी के झोल में लोगों को जिस तरीके से परेशान किया है अब लोग वोट की चोट से भाजपा को सबक सिखाने के मूड में दिख रहे है और इसका ट्रेलर लोकसभा चुनावों में दिखाया जा चुका है। उन्होंने हैरानी जताते हुए कहा कि लोकसभा चुनावों में मुंह की खाने के बावजूद भी बीजेपी के समझ में कुछ नहीं आ रहा। सरकार ने कैंप लगा कर लोगों की परेशानी को दूर करने का प्रयास किया पर कैंप में वही ढाक के तीन पात वाली बात हो रही है। कर्मचारी व अधिकारी कैंप में भी लोगों को उसी प्रकार निराश करके भेज रहे है जिस प्रकार वे पहले अपने कार्यालयों से लोगों को निराश करते आ रहे थे। झोरड़ ने कहा कि किसी प्रकार की कोई अड़चन आने पर उनके पास कोई समाधान नहीं है। इसी वजह से लोग परेशान पहले भी हो रहे थे और अब भी हो रहे है। फैमिली आईडी और प्रोपर्टी आईडी को लेकर दफ्तरों के चक्कर काट रहे लोगों से आम तौर पर सुनने को मिल रहा है कि यदि जेब खर्चा देते हैं तो काम हो जाता है। जिस सरकार ने हमें बिना कारण इस प्रकार के झमेलों में डाला है उसको सबक वोटों में ही सिखाया जा सकता है।

### सीनियर सिटीजन वेलफेयर एसोसिएशन ट्रस्ट की मासिक बैठकं

**रतिया।** सिनियर सिटीजन वेलफेयर एसोसिएशन ट्रस्ट की मासिक मीटिंग अनाज मंडी स्थित कार्यालय में प्रधान एडवोकेट बिक्कर सिंह की अध्यक्षता में हुई। मीटिंग में नवनियुक्त सदस्यों में जिला राइस मिलर एसोसिएशन के प्रधान सुरेश जिंदल एवं किरयाना व्यापारी धर्मपाल का स्वागत किया गया। इसके बाद वरिष्ठ नागरिकों के कल्याण हेतु योजनाओं एवं पौधारोपण करने पर विचार चर्चा की गई। कार्यवाही के बाद रिटायर्ड मंडी सुपरवाइजर गुरनाम सिंह तेलीवाड़ा का जन्मदिन हषार्ेल्लास से मनाया गया। मंच संचालन सचिव बलिंद्र शर्मा ने किय। इस अवसर पर तेजिंदर सिंह औजला, डॉ. नरेश गोयल, सतपाल सिंह डीएसपी, राम पाल जिंदल आदि मौजूद रहे।

## अध्यापक जिला संघ की बैठक सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ संबंधित सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा की जिला कार्यकारिणी की बैठक पटवार भवन में सम्पन्न हुई । बैठक की अध्यक्षता जिला प्रधान सुरजीत दुसाद ने की व संचालन जिला सचिव देसराज माचरा ने किया। बैठक में सभी खंडों द्वारा हिसाब-किताब तैयार करने, संघर्ष, सदस्यता व अन्य फंडों का हिस्सा जमा करवाने, सभी खंडों द्वारा अपना-अपना ऑडिट करवाने बारे चर्चा की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा 18 जुलाई को अपना मांग पत्र देने के लिए जिला स्तर पर प्रदर्शन करेगा, जिसमें अध्यापक संघ अपनी ज्यादा से ज्यादा भागीदारी करेगा। जिले में जिन स्कूलों में मुख्य शिक्षक का पद बनता है, उस पद पर पदोन्नति करवाने, जुलाई में हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ की खंड कार्यकारिणी के चुनाव, जिला का चुनाव अगस्त में करवाने बारे भी विस्तार से चर्चा की गई। इन सभी मामलों के लिए जिला शिक्षा अधिकारी और जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी से बैठक की जाएगी।


**फतेहाबाद।** हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ की जिला कार्यकारिणी की बैठक में चर्चा करते सदस्य।

## भट्टूकलां में रक्तदान कैम्प का आयोजन

- युवाओं में रक्तदान को लेकर दिखा उत्साह
- कैंप में करीबन 60 यूनिट रक्त एकत्रित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भट्टूकलां

रक्तदान करना समाजसेवा के साथ-साथ एक साहस का कार्य है। रक्तदाता वास्तव में जीवन दाता होता है, इसमें कोई अतिश्योक्ति नहीं है। प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को रक्तदान अवश्य करना चाहिए। यह बात भट्टूकलां मार्केट कमेटी के सचिव महावीर सैनी ने रक्तदाताओं को प्रोत्साहित करते हुए कही। फतेहाबाद सरकारी अस्पताल के ब्लड बैंक की टीम ने कैंप में पहुंच कर रक्तदाताओं का रक्त एकत्रित किया। यह कैम्प खुशी नई उम्मीद संस्था के तत्वाधान में जिला रेड क्रॉस सोसाइटी के सहयोग से लगाया गया था। कैम्प में रक्तदान को लेकर युवाओं में काफी उत्साह नजर आया। कैंप शुरू होने के महज एक घटे में ही ब्लड बैंक की टीम का लक्ष्य पूरा हो गया। इस कैंप में करीबन 60 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। इस कैंप में मार्केट कमेटी सचिव महावीर सैनी, ग्रीन वेलफेयर सोसाइटी अध्यक्ष आशु गोयल, प्रमुख समाजसेवी नरेंद्र लूणा व शिक्षा विभाग से एपीसी नरेश कुमार ने विशिष्ट अतिथि शिरकत की। कार्यक्रम की व्यवस्था विजय गर्ग व नवीन बिंदल ने संभाली। अध्यक्षता खुशी नई उम्मीद संस्था के अध्यक्ष गोपाल बंसल ने की और अतिथियों का स्वागत किया।

रक्तदाताओं को संबोधित करते हुए ग्रीन वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष एवं सरपंच प्रतिनिधि आशु गोयल ने कहा कि रक्तदाता रक्तदान करके जरूरतमंद को नया जीवन प्रदान करते हैं इसलिए रक्तदान को महादान कहा जाता है। उन्होंने कह कि बड़ा ही हर्ष का विषय है कि भट्टू जैसे ग्रामीण अंचल में रक्तदान के प्रति युवाओं में खासा जोश उत्साह देखने को मिलता है।



**भट्टूकलां।** रक्तदाताओं को सम्मानित करते अतिथिगण।

## सीडीएलयू वार्षिक परीक्षा परिणाम में भूना कॉलेज की छात्राओं ने टॉप टेन में पाया स्थान

- मंजू ने 500 में से 424 अंक प्रात करके विश्वविद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भूना

चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय द्वारा पिछले दिनों घोषित किए गए परीक्षा परिणाम में राजकीय महाविद्यालय भूना में एमए हिंदी अंतिम वर्ष की छात्रा मंजू ने 500 में से 424 अंक प्रात करके विश्वविद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। महाविद्यालय की बीकॉम अंतिम वर्ष की छात्रा मोनिका ने 650 में से 536 अंक प्राप्त करके विश्वविद्यालय में सातवां स्थान प्राप्त किया। बीएससी अंतिम वर्ष की छात्रा प्रियंका रानी ने 650 में से 538 अंक प्राप्त करके विश्वविद्यालय में आठवां स्थान प्राप्त किया। महाविद्यालय के परीक्षा परिणाम में उत्कृष्ट उपलब्धि हासिल करने पर प्राचार्य डॉ. सुरेंद्र कुमार ज्यानी ने प्रतिभावान विद्यार्थियों को बधाई दी और विश्वविद्यालय में छात्रा द्वारा टॉपर्स स्थान पर हासिल करने पर कॉलेज के प्राध्यापकों की पीठ को थपथपाया। प्राचार्य डॉ. सुरेंद्र ज्यानी ने बताया कि एमए हिंदी अंतिम वर्ष का परीक्षा परिणाम प्रतिशत 98 प्रतिशत रहा और 49 विद्यार्थियों में से 40 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। जिनमें से 31 विद्यार्थियों ने 75 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित किए। बीकॉम अंतिम वर्ष का परीक्षा परिणाम 98.5 प्रतिशत रहा और सभी विद्यार्थी प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। इस अवसर पर डॉक्टर छोटू राम, डॉक्टर रामनाथ, डॉ. किरण बाला, डॉ. मंजू कंबोज, डॉ.केशव, प्रोफेसर सुनील कंबोज, प्रोफेसर पिंकी, प्रोफेसर कुसुम, प्रोफेसर आरती, प्रोफेसर अंकित कुमार, अमनदीप सिंह, रविंद्र सिंह, राजबीर सिंह, मानवी, गुरुबल कौर आदि मौजूद थे।


**भूना।** राजकीय महाविद्यालय की प्रतिभावान छात्राएं।

## कांग्रेस ने मेनिफेस्टो को लेकर जाने सभी वर्गों के सुझाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

हरियाणा में प्रदेश स्तरीय मैनिफेस्टो तैयार करने के लिए किसान, पंचायत एवं खेती मजदूरों एक बैठक शनिवार को कांग्रेस भवन में हुई। हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रतिनिधि राजेश चाडीवाल ने बताया कि मीटिंग ने पूर्व मंत्री संपत सिंह, पूर्व विधायक बलवान सिंह दौलतपुरिया, राजेंद्र सुरा एवं सुरेश पंघाल शामिल हुए। मीटिंग में जिला सिरसा के पांचों हलकों के सभी किसानों, पंचायतों एवं खेती मजदूरों से जुड़े सहयोगियों ने अपने सुझाव दिए। इस मौके पर पूर्व मंत्री संपत सिंह ने बताया कि हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी मेनीफेस्टो कमेटी की चेयरपर्सन पूर्व शिक्षा मंत्री गीता भुक्कल हैं। इस मीटिंग में किसान, श्रमिक, व्यापारी, युवा, पंचायत प्रतिनिधि सहित तमाम वगार्ें को शामिल किया गया। उन्होंने बताया कि कांग्रेस प्रदेश प्रभारी दीपक बाबरिया ने सभी वगार्ें की समस्याओं को देखते हुए कमेटियां बनाकर अलग-अलग जगह जाकर मीटिंग के लिए पदाधिकारियों की ड्यूटियां लगाई हैं। मीटिंग में सभी से सुझाव मांगे गए। इस मीटिंग में सभी वगार्ें ने रूचि दिखाई और अपने-अपने बहुमूल्य सुझाव दिए।


**सिरसा।** कांग्रेस भवन में आयोजित बैठक में शामिल कांग्रेस नेता।

## यदुवंशी शिक्षा निकेतन में आई केन डू टेस्ट 7 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

हमारे देश में बहुत से बच्चे साधनों के अभाव में शिक्षा में वंचित हो जाते हैं। बच्चे अच्छे स्कूलों एवं कॉलेजों में पढ़ना चाहते हैं। हमने सुपरब 100 स्कीम प्रारंभ की है जिसमें बच्चे 9वीं से 12वीं तक मुफ्त पढ़ेंगे तथा 12वीं पास बच्चे भी मुफ्त में कोचिंग ले सकेंगे। यह बात यदुवंशी ग्रुप के चेयरमैन राव बहादुर सिंह ने सुपर 100 की शुरूआत करते हुए कही। उन्होंने कहा कि कोई भी विद्यार्थी जो 9वीं से 12वीं कक्षा में पढ़ता है या पास कर चुका है वह आई केन डू टेस्ट में 7 जुलाई को शामिल होकर इस स्कीम का लाभ ले सकता है। सुपर 30 के बच्चे हॉस्टल में रहकर तैयारी करेंगे। आई केन डू टेस्ट यदुवंशी शिक्षा निकेतन महेंद्रगढ़, रेवाड़ी, नारनौल, हांसी तथा गुरुग्राम सेक्टर 92, में आयोजित किया जा रहा है। इस सुपरब 100 के टेस्ट में आने वाले बच्चे किसी भी स्कूल से आ सकते हैं उन्हें स्कूल तथा हॉस्टल सुविधा मुफ्त में रहेगी। 12वीं पास आउट बच्चे यदुवंशी डिग्री कॉलेज में मुफ्त दाखिला ले सकते हैं तथा साथ-साथ कोचिंग भी कर सकते हैं। सुपरब 100 में आर्टस, कॉमर्स, मेडिकल, नॉन मेडिकल सभी बच्चे आ सकते हैं। कॉमर्स के बच्चों को सीए फाऊंडेशन, आट्र्स के बच्चे कलेट के लिए, साइंस के बच्चे मेडिकल, आईआईटी तथा एनडीए के लिए तैयारी कर सकते हैं।

### अदालत ने दो दिन के रिमांड पर भेजा, पूछताछ जारी

**हिसार।** उकलाना चौकी पुलिस ने शाखा डाकपाल के पद पर रहते हुए 10 लाख रुपए के गबन मामले में आरोपी तत्कालीन डाकपाल प्रकाश सिंह को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने उन्हें अदालत में पेश किया, जहां से दो दिन के रिमांड पर भेज दिया गया।चौकी प्रभारी उप निरीक्षक वेदप्रकाश ने शनिवार को मामले की जानकारी देते हुए बताया कि गांव प्रभुवाला निवासी बलवंत ने गांव के डाकघर में 13 अगस्त 2019 से 14 जून 2023 तक पोस्ट ऑफिस बचत खाता में पैसे जमा करवाए, जो 14 जून 2023 को बचत खाता में कुल 10 लाख रुपए दर्ज दर्शाए। शिकायतकर्ता बलवंत द्वारा बचत खाता में जमा करवाए गए पैसे वापस निकालने की कहने पर आरोपी डाकपाल प्रकाश सिंह बहाने बनाने लगा।

## फतेहाबाद में मनाया गया सांख्यिकी दिवस

# आर्थिक योजना निर्माण में सांस्थिकी का महत्वपूर्ण योगदान : डीएसओ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

सांख्यिकी और आर्थिक योजना निर्माण के क्षेत्र में प्रोफेसर स्व. प्रशांत चंद्र महालनोबिस द्वारा किए गए उल्लेखनीय योगदान के सम्मान में भारत सरकार 2007 से प्रत्येक वर्ष उनकी जयंती 29 जून को सांख्यिकी दिवस के रूप में मना रही है। इस वर्ष सांख्यिकी दिवस 2024 का मुख्य कार्यक्रम लघु सचिवालय के द्वितीय तल पर सांख्यिकी विभाग कार्यालय में आयोजित किया गया। जिला सांख्यिकीय अधिकारी डॉ. राज कुमार ने कहा कि यह दिवस सांख्यिकी और आर्थिक नियोजन के क्षेत्र में प्रोफेसर महालनोबिस के अपार योगदान को श्रद्धांजलि देने के फलस्वरूप मनाया जाता है, जिन्होंने हमारे देश के सामाजिक-आर्थिक परिदृश्य पर एक स्थायी प्रभाव छोड़ा है। यह दिवस रोजमर्रा की जिंदगी में सांख्यिकी के महत्त्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने और राष्ट्र के विकास को आकार देने में सांख्यिकीविदों और डेटा पेशेवरों के योगदान को मान्यता देने के लिए एक मंच के रूप में भी कार्य करता है।

उन्होंने कहा कि इसका उद्देश्य सांख्यिकी के महत्त्व और समाज में इसके योगदान के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। इस दिन विभिन्न कार्यक्रमों और सम्मेलनों का आयोजन किया जाता है। उन्होंने बताया कि यह दिवस सांख्यिकी के महत्त्व और समाज में इसके योगदान के बारे में लोगों को शिक्षित करने का एक महत्त्वपूर्ण अवसर है। सांख्यिकी का उपयोग नीति निर्माण, योजना, अनुसंधान और विकास, और कई अन्य क्षेत्रों में महत्त्वपूर्ण निर्णय लेने के लिए किया जाता है। इस दिवस के माध्यम से लोगों को सांख्यिकी की शक्ति और डेटा से प्राप्त अंतर्दृष्टि के महत्त्व को समझने में मदद की जाती है। इस अवसर पर जिला सहायक सांख्यिकीय अधिकारी विजय सिंह सहित कार्यालय के अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।



**फतेहाबाद।** सांख्यिकी दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित सांख्यिकी विभाग के अधिकारी व कर्मचारी।

खबर संक्षेप

## गाड़ी की टक्कर से बाइक सवार युवक घायल

**फतेहाबाद।** सिरसा रोड पर एक गाड़ी की टक्कर से बाईक सवार युवक घायल हो गया। उसे उपचार के लिए शहर के निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। पुलिस को दी शिकायत में सतीश कालोनी फतेहाबाद निवासी संजय ने कहा है कि उसकी सिरसा रोड पर फैक्ट्री है। गत दिवस रोजाना की तरह वि छब्बा मिस्त्री के साथ मोटरसाइकिल पर सवार होकर फैक्ट्री से अपने घर की तरफ आ रह था। इसी दौरान शहर की तरफ से आ रही एक गाड़ी के चालक ने गाड़ी को लापरवाही व तेजगति से चलाया और उसके मोटरसाइकिल में टक्कर दे मारी।

## जिले से चार युवतियों सहित पांच लोग लापता

**फतेहाबाद।** जिले में अलग-अलग स्थानों से चार युवतियों सहित पांच लोगों के लापता होने का समाचार है। इस बारे पुलिस को दी शिकायत में गांव धांगड़ निवासी एक व्यक्ति ने कहा है कि उसकी 16 साल की लड़की रात को उनके सोने के बाद कहीं चली गई और उसके बाद वह वापस घर नहीं लौटी है। इस पर उन्होंने उसकी काफी जगह तलाश की लेकिन जब उसका कुछ पता नहीं चला तो उसने इस बारे पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई। उसने आरोप लगाया कि अज्ञात युवक उसकी लड़की को बहला-फुसला कर अपने साथ ले गया है। इस मामले में पुलिस ने केस दर्ज कर युवती की तलाश शुरू कर दी है। अन्य युवतियां भी लापता है, पुलिस जांच में जुटी है।

## समाजसेवा कर मनाया जीवन का विशेष दिन

**फतेहाबाद।** नवकल्याण संस्था के सदस्यों ने अब अपना विशेष दिन समाजसेवा को समर्पित करते हुए मनाना शुरू किया है। संस्था के प्रचार मंत्री सुदर्शन नरुला व महिला सदस्य प्रवीण नरुला ने अपने वैवाहिक वर्षगांठ को पर्यावरण संरक्षण में पौधा रोपण करते हुए मनाया वहीं महिला विंग की सलाहकार पायल चक्रवर्ती ने सदस्यों के साथ हरियाणा गऊशाला में गऊसेवा कर अपना जन्मदिन मनाया। नरुला दम्पत्ति ने शहीद उधम सिंह पार्क में संस्था के सदस्यों के साथ पौधे लगाए तथा उनकी देखभाल का संकल्प लिया। पायल चक्रवर्ती ने गऊओं को हरे चारे व गुड का भोग लगाकर गऊमाता का आशीर्वाद दिया। संस्था की ओर से नरुला दम्पत्ति व पायल चक्रवर्ती को उपहार देकर सम्मानित किया गया।

### डीएसपी कर रहे मामले की जांच, जल्द होगी गिरफ्तारी

# बाजीगर समाज ने किया प्रदर्शन आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग

जमीन खरीद फरोख्त मामले को लेकर हुआ था झगड़ा, आरोपियों पर जान से मारने के प्रयास का है मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जाखल



**जाखल।** थाने में धरना देकर नारेबाजी करते बाजीगर समाज के लोग। *फोटो : हरिभूमि*

बीते दिनों जाखल खंड के गांव तलवाड़ी में जमीन खरीद फरोख्त मामले को लेकर हुए झगड़े के संबंध में पुलिस द्वारा करीब 10 दिन पहले नामजद किए गए आरोपियों की अभी तक गिरफ्तारी न होने पर शनिवार को बाजीगर समाज के लोगों का गुस्सा फूट पड़ा। इसे लेकर पीड़ित बाजीगर समाज के लोगों के पक्ष में स्थानीय लोगों के साथ हरियाणा, पंजाब व राजस्थान से पहुंचे बाजीगर समाज के लोगों ने एकत्रित होकर जाखल पुलिस थाना में धरना प्रदर्शन किया। बता दें कि एक सप्ताह पहले भी बड़ी संख्या में एकत्रित हुए बाजीगर समाज के लोगों ने जाखल थाना में पहुंचकर पुलिस से मिलकर आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग की थी। उस दौरान पुलिस के आश्वासन पर बाजीगर समाज के लोगों ने आरोपियों को गिरफ्तार करने को लेकर पुलिस को 72 घंटे का अल्टीमेटम भी दिया था, उसके बावजूद अभी तक आरोपियों की कोई गिरफ्तारी न होने से गुस्साए बाजीगर समाज के लोगों ने इकट्ठे होकर शनिवार को थाने का घेराव कर दिया। पुलिस थाने में प्रदर्शन कर रहे लोगों ने बताया कि गांव तलवाड़ी निवासी अमृत कौर और उसके पति सतपाल सिंह ने अपने गांव के ही जतिंदर सिंह व लखविंदर पुत्र दीवान सिंह से 7 लाख रुपए में दो कनाल जमीन खरीद की थी, जिसका बयाना भी दे दिया था। इसे लेकर लखविंदर व जितेंद्र ने मौके पर ही उन्हें कब्जा भी दे दिया था। इसके बाद उन्होंने वहां मकान बनाने के लिए ईंटें भी खरीद ली थी। उन्होंने बताया कि उक्त जमीन की रजिस्ट्री के लिए बीती 10 मई का दिन तय कर लिया था, परंतु लोकसभा चुनाव के चलते आचार संहिता के कारण रजिस्ट्री नहीं हो सकी। इसके बाद रजिस्ट्री के लिए 31 अक्टूबर 2024 की तिथि निर्धारित कर दी गई। इस संबंध में दोनों पक्षों ने आपस में लिखित भी ले लिया। आरोप है कि 14 जून को लखविंदर सिंह व जितेंद्र दोनों भाई उनके घर पर आकर उनसे 2 लाख रुपए की मांग करने लगे और कहा कि यदि उन्होंने रुपए न दिए तो वह उन्हें घर में नहीं घुसने देंगे। उनके द्वारा पैसे ना देने पर उन्हें बुरा भला कहा। यहीं नहीं, सुबह उक्त लोगों ने उनकी जमीन में पानी छोड़ दिया और ट्रैक्टर भी चला दिया। इसका विरोध करने पर आरोपियों द्वारा उनके साथ मारपीट की गई तथा ट्रैक्टर चलाकर कब्जे वाले मकान की नींव आदि गिरा दी गई। इस घटना के दौरान परिवार के सभी सदस्य वहां पर पहुंचे तो लखविंदर सिंह ने ट्रैक्टर को तेज रफ्तार से चलाते हुए ट्रैक्टर सीधा उनके परिवार की तरफ कर दिया। इससे उनके पारिवारिक सदस्य निर्मला व माया देवी को गंभीर चोटें भी आई है। आरोप है कि आरोपी जमीन के प्रति धक्केशाही कर रहे हैं। इस पर पुलिस ने हालांकि आरोपियों पर जान से मारने के प्रयास सहित विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया था, लेकिन अभी तक आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हो पाई हैं। पीड़ित लोगों ने बताया कि उनके साथ उनका पूरे बाजीगर समाज संगठन के लोगों का समर्थन है। इसे लेकर ही आज हरियाणा, पंजाब, राजस्थान से बाजीगर समाज संगठन के पदाधिकारियों ने थाना में आकर आरोपियों की धरपकड़ के लिए धरना दिया हैं। इस मौके बाजीगर समाज के पदाधिकारियों ने बताया कि पीड़ित लोगों को न्याय की मांग को लेकर आज उन्होंने पुलिस थाने में शांतिपूर्वक ढंग से धरना दिया है।

### ये बोले थाना प्रभारी

बाजीगर समाज के लोगों द्वारा जाखल थाना के बाहर धरना प्रदर्शन किया गया है। इस मामले में टोहाना पुलिस उप अधीक्षक इस मामले की जांच कर रहे है। जल्द ही आरोपियों को काबू कर लिया जाएगा।

-कुलदीप सिंह, थाना प्रभारी जाखल

## 14 सितंबर तक मुफ्त अपडेट करवा सकेंगे आधार कार्ड

- डीसी ने जिलावासियों से किया आधार कार्ड को अपडेट करवाने का आह्वान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| फतेहाबाद

यूआईडीएआई ने आमजन की सुविधा के मद्देनजर फ्री में आधार कार्ड अपडेट की तारीख बढ़ाकर 14 सितंबर कर दी है। डीसी राहुल नरवाल ने जिला के आमजन से आह्वान करते हुए कहा कि जिन व्यक्तियों ने पिछले 10 सालों में आधार कार्ड को अपडेट नहीं कराया है, वे अपने आधार कार्ड में समय रहते अपडेशन जरूर करवा लें ताकि उन्हें भविष्य में सरकारी योजना का लाभ लेने व अन्य किसी प्रयोजन में परेशानी व समस्या का सामना न करना पड़े। उन्होंने बताया कि सरकारी योजनाओं का लाभ लेने में आधार कार्ड सबसे अहम दस्तावेज है और 10 साल पुराने आधार कार्ड को अपडेट करना आवश्यक है। नागरिक स्वयं भी वेबसाइट पर जाकर अपना आधार कार्ड अपडेट कर सकते हैं। इसके अलावा किसी भी सीएससी व आधार सेंटर पर जाकर करवाया जा सकता है। डीसी राहुल नरवाल ने बताया कि आधार कार्ड को अपडेट के लिए जो दस्तावेज इस्तेमाल करते हैं उस पर आपका नाम, जन्मतिथि सही होनी चाहिए।

## स्वतंत्रता सेनानियों की पेंशन में वृद्धि का स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▸▸| फतेहाबाद

हरियाणा सरकार ने स्वतंत्रता सेनानियों, हिंदी आंदोलन-1957 के मातृभाषा सत्याग्रहियों व आपातकाल सत्याग्रहियों की मासिक पेंशन में अभूतपूर्व वृद्धि की है। यह बढ़ी हुई पेंशन 1 जुलाई, 2024 से लागू होगी।

उपायुक्त राहुल नरवाल ने बताया कि हरियाणा सरकार ने लोकतंत्र सेनानियों के सम्मान में कई योजनाएं शुरू की हैं। उन्होंने बताया कि हरियाणा राज्य शुभ्र ज्योत्सना पेंशन योजना दिसम्बर 2017 से शुरू की गई थी। इसके तहत लोकतंत्र सेनानियों व उनकी विधवाओं को मासिक पेंशन दी जा रही है। पहली जुलाई, 2024 से उनकी मासिक पेंशन 10,000 रुपए से बढकर 20,000 रुपए हो जाएगी। इसके अलावा हरियाणा रोडवेज की सामान्य बसों में मुफ्त यात्रा तथा वोल्वो बसों में 75 प्रतिशत किराया माफ किया गया है।

आयुष्मान भारत योजना के तहत 5 लाख रुपए तक का इलाज मुफ्त देने की सुविधा प्रदान की जा रही है। डीसी राहुल नरवाल ने बताया कि हिंदी आंदोलन-1957 के मातृभाषा सत्याग्रहियों को दी जाने वाली मासिक पेंशन को भी बढ़ाकर 20,000 रुपए कर दिया है।

## मोचीवाली में निकासी बाधित होने के चलते खेतों में भरा पानी, परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| डिंग



क्षेत्र के गांव मोचीवाली में गांव के गंदे पानी निकासी बने खाल में अवरुद्ध होने पर बरसात के दौरान खेतों में जलभराव हो गया जिससे किसानों की फैसलें डूब गई। गांव के नजदीक खेतों के मालिक किसान कृष्ण व रामप्रताप ने बताया कि बीते शुक्रवार को हुई बरसात से गांव का पानी खेतों में घुसने से उनकी फसलें डूब गई तथा इसके अलावा घरों में पानी भी गंदा घुस गया जिससे लोगों को भारी परेशानी झेलनी पड़ी। मौके पर मौजूद जगदीश चंद्र, सुभाष, रामनिवास छोटु राम व नाथूराम ने बताया कि गांव में गली निर्माण के साथ दूषित पानी निकासी के लिए खाल बनाया गया था लेकिन आगे दूसरा जोहड़ का निर्माण किया जा रहा है जिससे पानी निकासी दूसरे जोड़ में निकलने के लिए 4 इंच की पाइप डाली गई है जिससे गंदा नाला ओवरफ्लो होकर टूट गया तथा खेतों में पानी भर गया। इसकी शिकायत पंचायत को भी दी गई है। इसके अलावा नाले में पानी निकासी सही न होने पर गांव का गंदा पानी घरों में घुसने से लोगों को काफी परेशानी झेलनी पड़ी।

उन्होंने कहा कि अभी तक तो सीजन की शुरुआती बरसात है लेकिन आगामी दिनों में अगर गंदे पानी की निकासी ठीक नहीं की गई तो फसलें पानी से नष्ट हो जाएगी। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि इस समस्या का शीघ्र समाधान किया जाए।

## सीडीएलयू में प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन

- ड्राइव के प्रथम चरण में 52 छात्रों ने साक्षात्कार दिए

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सिरसा



**सिरसा।** सीडीएलयू में प्लेसमेंट ड्राइव में छात्रों को साक्षात्कार लेते हुए।

चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय के करियर काउंसलिंग एंड इंडस्ट्रीज सेल द्वारा प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया जिसमें पेटीएम कंपनी के अधिकारियों द्वारा सेल्स ऑफिसर पद के लिए विश्वविद्यालय से संबंधित महाविद्यालयो, यूनिवर्सिटी स्कूल फॉर ग्रेजुएट स्टडीज व यूनिवर्सिटी टीचिंग डिपार्टमेंट के छात्रों का साक्षात्कार लिया गया। इस ड्राइव के प्रथम चरण में 52 छात्रों ने साक्षात्कार दिए। इस ड्राइव में पेटीएम कंपनी के स्टेट हेड आशीष यादव व उनकी टीम नितिन मिश्रा व प्रवीण कुमार द्वारा साक्षात्कार लिया गया। निदेशक करियर काउंसलिंग एंड प्लेसमेंट एंड इंडस्ट्री सेल प्रोफेसर आरती गौड़ ने बताया कि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर अजमेर सिंह मलिक के दिशा निर्देशन में सेल द्वारा समय-समय पर विद्यार्थियों को रोजगार उपलब्ध करवाने के लिए यह ड्राइव आयोजित किए जाते हैं। इसी श्रृंखला में शनिवार को पेटीएम कंपनी द्वारा साक्षात्कार लिए गए। इस आयोजन में अलग-अलग महाविद्यालयों तथा विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के कोऑर्डिनेटर तथा इंचार्ज शामिल हुए।

### इंटरेक्शन सेशन

इस कार्यक्रम में इंटरेक्शन सेशन का संचालन सचिन शर्मा तथा डॉ. अमित ने किया। कार्यक्रम में प्रोफेसर सुनीता सुखीजा, ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल डॉ. सुनील कुमार, डॉ. रोहताश, संदीप गोयल, यशपाल ग्रोवर, बालकृष्ण, गोपाल शर्मा, डॉ. चनप्रीत, नियति चौधरी, मनोज बंसल, सतबीर सिंह, कश्मीर सिंह, बुधराम व हनुमान उपस्थित रहे।

## पुलिस ने दबोचे शराब ठेकेदार के हत्यारोपी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सिरसा

सीआईए सिरसा व रानियां थाना की विशेष पुलिस टीम ने पिछले दो दिन से लापता खारियां जोन के शराब ठेकेदार राजेंद्र के मामले को सुलझा लिया है। शराब ठेकेदार राजेंद्र निवासी नीमला लापता नहीं हुआ था, बल्कि उसकी हत्या कर उसका शव राजस्थान कैनाल में फेंक दिया था। पुलिस टीम ने शराब ठेकेदार राजेंद्र का शव बरामद कर शव को पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल सिरसा भेजा है वहीं त्वरित कार्रवाई करते हुए दो हत्यारोपियों को गिरफ्तार किया है। जिला पुलिस अधीक्षक विक्रांत भूषण ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान धर्मेंद्र निवासी गांव खारियां तथा सोनू निवासी गांव मेहनाखेड़ा जिला सिरसा के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार किए गए दोनों आरोपियों को अदालत में पेश कर रिमांड हासिल किया जाएगा और रिमांड अवधि के दौरान आरोपियों से पूछताछ कर जहां उनकी निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त हथियार व वाहन बरामद किए जाएंगे। वहीं पर इस हत्या से जुड़े अन्य आरोपियों के बारे जानकारी हासिल कर उनके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि मामले की जांच जारी है और जो भी व्यक्ति इस हत्या में संलिप्त पाया गया।

## दर्शन लाल हांसु समर्थकों सहित कांग्रेस में शामिल

- कांग्रेस महासचिव सैलजा ने हांसु का पार्टी में आने पर स्वागत किया

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रतिया



**रतिया।** कांग्रेस में शामिल दर्शन लाल हांसु का स्वागत करते सांसद कुमारी सैलजा। *फोटो : हरिभूमि*

आम आदमी पार्टी के जिला सचिव रहे रिटायर्ड चीफ इंजीनियर दर्शन लाल हांसु ने आज अपने समर्थकों के साथ अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सिरसा से लोकसभा सांसद कुमारी सैलजा की मौजूदगी में कांग्रेस का दामन थाम लिया है। इस अवसर पर उनके साथ वरिष्ठ नेता बृज बावल अध्यक्ष ट्रेड विंग, लेबर सैल के जिला अध्यक्ष शेर सिंह, ब्लाक अध्यक्ष तजिन्द्र सिंह तूर, राजपाल मेहरा सचिव, नितेश कुमार जिला सहसचिव, परमजीत सिंह तूर सर्कल इंचार्ज, गुरविन्द्र सिंह ग्राम सचिव, सुमित कम्बोज सर्कल इंचार्ज सहित अनेक कार्यकर्ता कांग्रेस में शामिल हुए। कांग्रेस में शामिल होने पर सांसद कुमारी सैलजा ने दर्शन लाल हांसु व उनके समर्थकों का पार्टी में स्वागत किया और कहा कि संगठन में उन्हें पूरा मान-सम्मान दिया जाएगा। सांसद कुमारी सैलजा ने दर्शन लाल हांसु को रतिया विधानसभा क्षेत्र में जोर-शोर से विधानसभा चुनावों की तैयारियों में जुटने और पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने की बात कही। इस अवसर पर उनके साथ फतेहाबाद के पूर्व विधायक बलवान सिंह दौलतपुरिया, पूर्व ओएसडी डॉ. केवी सिंह, पूर्व सांसद चरणजीत सिंह रोड़ी, पूर्व चेयरमैन अमित चावला, वरिष्ठ कांग्रेस नेता वीरभान मेहता, शंकरदास आदि भी मौजूद रहे।

कांग्रेस में शामिल होने पर दर्शन लाल हांसु ने कहा कि उन्होंने आम आदमी पार्टी के बारे में यह सोचा था कि यह आमजन की पार्टी है जिसमें रहकर वह जनता की सेवा कर सकते हैं लेकिन जिस सोच और उम्मीद के साथ वह आम आदमी पार्टी में गये थे पार्टी उस उम्मीद पर खरी नहीं उतरी जिसके चलते उन्होंने आम आदमी पार्टी को छोड़ने का निर्णय लिया।

## बीमारियों में भी कारगर इलेक्ट्रो होम्योपैथी: सेखों

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रानियां

इलेक्ट्रो होम्योपैथी जटिल बीमारियों के इलाज में बेहद कारगर है। बीमारी में शरीर के अंग की कोशिकाएं विकृत हो जाती हैं। मेडिसन कोशिकाओं में प्रवेश कर उनकी स्टीमुलेटिंग पावर को बढ़ाकर जीवन प्रदान करती है। इस मेडिसन का कोई नुकसान नहीं है। औषधियां प्राकृतिक होती हैं। उक्त जानकारी रानियां में रोगमुक्ति केंद्र के शुभारंभ पर मोगा से आए डॉ. जगतार सिंह सेखों ने उपस्थित लोगों को दी। रोगमुक्ति केंद्र के संचालक इलेक्ट्रो होम्योपैथी चिकित्सक डॉ. राजेश कुमार ने बताया कि इस रोगमुक्ति केंद्र के शुभारंभ अवसर पर सैकड़ों मरीजों की जांच की गई और उन्हें उचित परामर्श दिया गया। डॉ. राजेश ने इलेक्ट्रो होम्योपैथी का निदान आइरिस एनालाइसिस सभी शारीरिक अंगों की क्रियाविधि को दर्शाता है। शारीरिक अंगों में विकृति आने से पहले ही उसके हेल्दी-अनहेल्दी स्टेटस को ज्ञात करा देता है। डायग्नोसिस से यह भी पता चलता है कि शरीर में होने वाला रोग अनुवांशिक है अथवा नहीं। इस मौके पर डॉ. कवलजीत कौर सेखों, डॉ. जगजीत सिंह गिल, डॉ. जगमोहन सिंह, बठिंडा से डॉ. एसके कटारिया, डॉ. अमृतपाल, डॉ. रमेश शर्मा, सिरसा से डॉ. राजबाला, डॉ. मनोज विनायक, डॉ. नीरजा गांधी सहित अन्य मौजूद रहे।

## श्री शिव काली मंदिर में लगा वार्षिक भंडारा

**सिरसा।** आईटीआई रोड स्थित श्री शिव काली मंदिर में वार्षिक भंडारा लगाया गया, जिसमें श्रद्धालु सपरिवार पहुंचे। मंदिर की मुख्य सेविका सुनीता रानी ने बताया कि यहां हर साल भंडारा लगाया जाता है जिसमें दूर दूर से श्रद्धालु आते हैं और सपरिवार मां का प्रसाद ग्रहण करते हैं। इसी के साथ मां का आशीर्वाद भी लेते हैं। सच्चे मन से मांगी हर मुराद मां पूर्ण करती हैं। इस मौके पर सोनू नरूला, प्रवीण कौशिक, रोहताश वर्मा, संदीप सैनी, राजू खैरपुर, नरूला भरत, ममता, रजनी, अनिल, राजन, टोनी, कपिल सेठी, संदीप, स्वीटी, सुमित बंसल, शांति देवी, सुबोध सहित अनेक श्रद्धालु मौजूद थे।

## वुशु नर्सरी के खिलाड़ी मनोज ने जीता स्वर्ण

- राज्यस्तरीय वुशु चैंपियनशिप में शहर का नाम रोशन किया

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सिरसा

फरीदाबाद में खेली गई राज्यस्तरीय वुशु चैंपियनशिप में शाहपुर बेगू के गीता सीनियर सेकेंडरी स्कूल में स्थित गीता स्कूल स्पोर्ट्स वुशु नर्सरी के खिलाड़ी मनोज कुमार ने स्वर्ण पदक हासिल किया है। इसके अलावा इसी नर्सरी के रोहित व सूरज ने चतुर्थ स्थान हासिल किया है।

प्रतियोगिता में हरफनौला प्रदर्शन की बदौलत मनोज कुमार का राष्ट्रीय टीम में चयन हुआ है। मनोज की दोहरी उपलब्धि पर स्कूल के एमडी डा. जगदीश लाल ने उन्हें बधाई दी और उनके उ'जवल भविष्य की कामना की। वहीं उन्होंने मनोज के कोच अजय व सुनीता को भी बधाई दी। एमडी डा.जगदीश लाल ने बताया कि उनकी नर्सरी में वुशु खिलाडि?ों को बेहतरीन सुविधा दी जा रही है, जिसकी बदौलत यहां के खिलाड़ी पदक लाकर संस्थान के साथ-साथ जिला व प्रदेश का नाम चमका रहे है। वहीं पदक विजेता मनोज ने अपनी सफलता का श्रेय स्कूल के एमडी व अपने कोच अजय व सुनीता को दिया।

### फ्रॉड से बचाव के लिए पुलिस ने जारी की एडवाइजरी

# पार्ट टाइम जॉब का ऑफर देकर ठगी कर रहे अपराधी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| फतेहाबाद

ऑनलाइन टास्क या इन्वेस्टमेंट के नाम पर होने वाले साइबर ठगी के बारे में नागरिकों को जागरूक करने के लिए फतेहाबद पुलिस द्वारा साइबर एडवाइजरी जारी की गई है। इसमें इस प्रकार की साइबर ठगी से बचने के उपाय के बारे में जानकारी प्रदान की गई है। पुलिस अधीक्षक आस्था मोदी ने साइबर फ्रॉड को लेकर जागरूक करते हुए बताया कि साइबर अपराधी किस प्रकार आपको साइबर ठगी का शिकार बनाते हैं। सबसे पहले आपके वाट्सएप पर देश या विदेश के नंबरों से मैसेज आता है जोकि आपको पार्ट टाइम जॉब देने के नाम पर होता है। उसमे आपको कुछ बडे बडे यूट्यूब चैनल दिये जाते है



आस्था मोदी।

जिन्हें आपको सब्सक्राइब करके उसका स्क्रीन शाट उन्हें भेजना होता है, जिसके बदले में वो आपको एक सब्सक्राइब करने का 50 रुपये देते हैं। एसपी आस्था मोदी ने बताया कि शुरुआत में लगभग 3 सब्सक्राइब का टास्क दिया जाता है और जब आप टास्क पूरा करके व्हाट्सएप पर स्क्रीनशॉट भेज देते हैं तो ये आपको बोलते हैं कि यदि आपको पेमेंट लेना है तो वो आपको एक टेलीग्राम की आईडी देते है और बोलते हैं कि इस आईडी पर मैसेज करो, जैसे ही आप टेलीग्राम पर मैसेज करते हैं, तो वो आपकी बैंक डिटेल मांगते हैं। उसके बाद आपके खाते में 150 रुपये आ जाते है। उसके बाद ये आपको टेलीग्राम पर एक ग्रुप का लिंक भेजते हैं कि आप इस ग्रुप में ऐड हो जाओ, हम आपको इस ग्रुप में हर आधे घंटे में इसी प्रकार का लिंक देंगे आपको इसे सब्सक्राइब करके उसका स्क्रीनशॉट वापस उसी ग्रुप में भेजना है। उसके बाद आपके कुछ पैसे प्राप्त होते है। फिर आपके पास उसी ग्रुप के एडमिन द्वारा मैसेज आता है कि यदि आप अपने पैसों को और भी ज्यादा बढ़ाना चाहते है तो आप और पैसे इन्वेस्ट करें व इस ग्रुप मे कुछ लोग फर्जी मैसेज भी करते हैं कि मैंने इसके माध्यम से बहुत सारे पैसे कमा लिए हैं जिससे व्यक्ति को लालच आ जाता है और आप इसमें और पैसे इन्वेस्ट करने शुरू कर देते हैं। उसके बाद जैसे जैसे आप पैसे डालते जाते हैं तो आपको वो एक फर्जी वेबसाइट पर ले जाते है, जहां आपको आपके पैसे एक वर्चुअल खाते मे दिखाई तो देते है परंतु आप जब उन्हे निकालने की कोशिश करते हैं तो आपको बोला जाता है कि दूसरे राउंड मे पैसे लगाने के बाद ही अपने पहले वाले पैसे निकाल सकते हैं, दूसरे के बाद तीसरा और तीसरे के बाद चौथा राउंड। इस तरह आपके पैसे फंस जाते हैं और आप टास्क फ्रॉड का शिकार हो जाते हैं। एसपी ने कहा कि आपको किसी विदेशी या भारतीय मोबाइल नम्बर से कोई पार्ट टाइम जॉब के लिए कोई मैसेज आता है तो आपको अच्छी तरह जांच पड़ताल करनी चाहिए। यदि आपको थोड़ा भी शक हो तो उसे आपको अनदेखा करना चाहिए।